वर्ष 24, अंक 244, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 14 मार्च 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## इंडिया के लिए खुल सकता है 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज'

### ईरान की ओर से मिला बड़ा संकेत, भारत को बताया दोस्त



**ईरान**

**ईरान** में जारी जंग के बीच दुनिया भर के देशों में तेल संकट गहरा गया है. ऐसे में भारत में ईरान के सर्वोच्च नेता के प्रतिनिधि डॉ. अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने कहा है कि ईरान ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद नहीं किया है. यह खुला हुआ है. मौजूदा हालात और स्थितियों की वजह से जहाज होर्मुज से गुजरने में असमर्थ है. ईरान कभी नहीं चाहता था कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद हो या अवरुद्ध हो. कुछ अभी भी वहां से गुजर रहे हैं. इसके अलावा उन्होंने कहा कि इस युद्ध जिन्होंने की है, उन्हीं को इसे रोकना होगा. इस युद्ध के कारण दुनियाभर में बहुत से लोग कष्ट में हैं. दुनिया के नेताओं को एकजुट होकर अमेरिका के राष्ट्रपति पर प्रेशर बनाना चाहिए. उनसे आग्रह करना चाहिए कि वे इस अन्यायपूर्ण युद्ध को तुरंत रोकें.

भारत हमारा दोस्त है, जानें क्या बोले ईरान के राजदूत फथाली

भारत को सुरक्षित रास्ता देने के मुद्दे पर ईरान के भारत में तैनात राजदूत मोहम्मद फथाली ने कहा है कि हां क्योंकि भारत हमारा दोस्त है. आप इसे दो या तीन घंटों के भीतर देख लेंगे. हमारा मानना है कि इस इलाके में ईरान और भारत के हित एक दूसरे से जुड़े हुए हैं.

इसके अलावा ईरान के राजदूत ने दोनों देशों के रिश्तों के बारे में भी बात की. इसे दोस्ती और सहयोग पर आधारित बताया. इसके अलावा हमारा मानना है कि ईरान और भारत दोस्त हैं. हमारे हित एक जैसे हैं. हमारी आस्था एक जैसी है. उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि ईरान और भारत दोस्त हैं।

# झूठे वादों की है दुकान- मोदी

## समुदायों के बीच पैदा किया विभाजन

**असम**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को चुनाव वाले असम में कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर विभिन्न समुदायों में फूट डालने का आरोप लगाया और उसे झूठे वादों की दुकान करार दिया। गुवाहाटी से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए कोकराझार में सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कई विकास कार्यों की आधारशिला रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने बोडोलैंड की कई पीढ़ियों को झूठे सपनों में उलझाए रखा।

मोदी ने कहा कि जब आपने कांग्रेस को देश और असम दोनों से सत्ता से बेदखल कर भाजपा-एनडीए को सत्ता सौंपी, तो हमने पूरी ईमानदारी से प्रयास शुरू किए। कांग्रेस ने अपने स्वार्थ के लिए विभिन्न समुदायों में फूट डाली, जबकि भाजपा ने स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में काम किया। इसी सोच के साथ बोडो शांति समझौता हुआ था। पहली बार इस समझौते ने सभी प्रमुख संगठनों और समूहों को एक साथ लाया।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस झूठे वादों की दुकान है–और हर झूठे वादे के साथ, यह चार ह्यबड़े झूठह्ल बोनस उपहार के रूप में देती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कांग्रेस का उन वादों को पूरा करने का कोई इरादा नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि एनडीए की दो इंजन वाली सरकार असम की विरासत के संरक्षण और राज्य के तीव्र विकास के लिए निरंतर काम कर रही है। उन्होंने कहा



कि कोकराझार सहित इस पूरे क्षेत्र ने पिछले कुछ दशकों में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना किया है; इसे भारी नुकसान उठाना पड़ा है। आज, बोडोलैंड शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है। आज, असम शांति और प्रगति का एक नया अध्याय लिख रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि बोडो समुदाय द्वारा अपनी भाषा और संस्कृति को संरक्षित देखकर उन्हें गर्व होता है। उन्होंने कहा कि आपका प्रेम मेरे ऊपर एक ऋण के समान है, और मेरा उद्देश्य हमेशा से आपकी सेवा करके और इस क्षेत्र के विकास के लिए काम करके इस ऋण को चुकाना रहा है। कुछ सप्ताह पहले, मुझे गुवाहाटी में समृद्ध बोडो संस्कृति को देखने का अवसर मिला। आज इस क्षेत्र के विकास के लिए 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है और आधारशिला रखी गई है। कोकराझार और पूरे क्षेत्र ने बीते दशकों में बहुत कुछ सहा है और बहुत कुछ खोया भी है। हमने वो कठिन समय देखा है जब इन पहाड़ियों में बमों और तोपों की आवाज गूंजती थी। लेकिन आज ये तस्वीर बदल रही है। आज बोडोलैंड शांति और विकास के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस अपने फायदे के लिए विभिन्न समुदायों में फूट डालती थी, जबकि भाजपा ने शांति के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि 2020 के समझौते के तहत किए गए सभी वादे निरंतर प्रयासों से एक-एक करके पूरे किए जा रहे हैं। बोडो भाषा को सहयोगी आधिकारिक भाषा का दर्जा दिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि बोडोलैंड के लिए 1,500 करोड़ रुपये का विशेष विकास पैकेज उपलब्ध कराया गया है। आज कोकराझार में एक मेडिकल कॉलेज चल रहा है। वे सभी माताएं अपना आशीर्वाद दे रही हैं जिनके बेटे घर लौट आए हैं और अब अपने परिवारों के साथ शांतिपूर्वक और खुशी से रह रहे हैं।

## पीएम मोदी ने जारी की किसान निधि की 22वीं किस्त, फटाफट करें चेक

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने देशभर के किसानों को बड़ी सौगात दी है. उन्होंने पीएम किसान निधि योजना की 22वीं किस्त जारी की. इसी के साथ देशभर के करोड़ों किसानों को इंतजार भी खत्म हो गया. पीएम मोदी असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे किसान निधि की किस्त जारी की. देश के 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खाते में 18,640 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर किए गए.

सरकार के लिए किसान हित से बड़ा कुछ भी नहीं: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा, भाजपा–एनडीए सरकार के लिए किसान हित से बड़ा कुछ भी नहीं है. जब किसानों को पैसे देने की बात आती थी, तो कांग्रेस वालों की सांस अटक जाती थी. 2014 से पहले केंद्र में 10 साल तक कांग्रेस की सरकार थी. कांग्रेस सरकार के 10 साल में किसानों को एमएसपी के रूप में साढ़े छह लाख करोड़ रुपये मिले थे.जबकि हमारी सरकार के 10 साल में किसानों को एमएसपी के रूप में 20 लाख करोड़ रुपये से अधिक मिल चुके हैं.

किसान निधि का पैसा सामाजिक सुरक्षा का माध्यम: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने कहा कि किसान निधि का पैसा छोटे किसानों के लिए सामाजिक सुरक्षा का माध्यम बन गया. उन्होंने कहा कि किसान निधि को लेकर कांग्रेस झूठ फैलाती है कि उन्हें उनकी सरकार आते ही किसान निधि का पैसा वापस करना पड़ेगा.

## एलपीजी सप्लाई पर केंद्र का आश्वासन

**नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने शुक्रवार को पश्चिम एशिया संघर्ष के दौरान ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के मद्देनजर देश में द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) सिलेंडरों की उपलब्धता को लेकर जताई जा रही चिंताओं को दूर किया। सरकार ने स्वीकार किया कि विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक, होर्मुज जलडमरूमध्य का बंद होना चिंता का विषय बना हुआ है; सरकार ने जोर देकर कहा कि भारत में इस स्थिति को लेकर चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव



(विपणन एवं तेल शोधन) सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू घरों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। इसी प्रकार, अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों को भी एलपीजी की आपूर्ति की जा रही है। आज तक एलपीजी का घरेलू उत्पादन 30% बढ़ गया है; 5 मार्च की तुलना में हमारी रिफाइनरियां वर्तमान में 30% अधिक एलपीजी का उत्पादन कर रही हैं। वाणिज्यिक सिलेंडरों के संबंध में, इन्हें प्राथमिकता के आधार पर वितरण की सुविधा के लिए राज्य सरकारों के पास उपलब्ध करा दिया गया है। हम राज्य सरकारों से अनुरोध करते हैं कि वे प्राथमिकता मानदंड निर्धारित करें और यह सुनिश्चित करें कि ये वाणिज्यिक सिलेंडर लक्षित उपभोक्ताओं तक प्रभावी ढंग से पहुंचें।

उन्होंने कहा कि राज्यों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने जिलों के भीतर केरोसिन वितरण के लिए विशिष्ट स्थान निर्धारित करें–विशेष रूप से भारत सरकार द्वारा नियमित कोटे के अतिरिक्त स्वीकृत 48,000 किलो लीटर केरोसिन के वितरण के लिए।

## ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अविश्वास, इतिहास में पहली बार हटाने का प्रस्ताव संसद में पेश

**नई दिल्ली**

विपक्षी सांसदों ने शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों में नोटिस जमा कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने की मांग की है। सूत्रों के हवाले से मिली रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा में 130 और राज्यसभा में 63 सांसदों ने नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। यह पहली बार है कि किसी मुख्य चुनाव आयुक्त को संसदीय प्रक्रिया के माध्यम से हटाने का अनुरोध किया जा रहा है। सांसदों ने एसआईआर प्रक्रिया के संचालन में गंभीर खामियों का आरोप लगाया, जिससे उनके अनुसार चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता से समझौता हुआ है।

सूत्रों ने कहा, हस्ताक्षरकर्ताओं में ह्यइंडियाह्ल गठबंधन के सभी घटक दलों के सदस्य शामिल हैं। आम आदमी पार्टी के सदस्यों ने भी हस्ताक्षर किए हैं। आम आदमी पार्टी अब औपचारिक रूप से विपक्षी गठबंधन का हिस्सा नहीं है, हालांकि उसने इस कदम का समर्थन किया है।

## 5 नए विकास बोर्ड बनाने का ऐलान- मुख्यमंत्री



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को राज्य के हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये बोर्ड उनकी अनूठी भाषाओं और परंपराओं की रक्षा करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सुनिश्चित करेंगे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने लिखा, मुझे यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारी सरकार जल्द ही मुंडा (अनुसूचित जनजाति), कोरा (अनुसूचित जनजाति), डोम (अनुसूचित जनजाति), कुंभकार (अन्य पिछड़ा वर्ग) और सदगोपे (अन्य पिछड़ा वर्ग) समुदायों के लिए पांच नए सांस्कृतिक एवं विकास बोर्डों का गठन करने जा रही है। ये समुदाय बंगाल की जीवंत संस्कृति का अभिन्न अंग हैं। मैं उन सभी को हार्दिक बधाई देती हूं। उन्होंने आगे कहा कि इन बोर्डों का उद्देश्य पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करना और समुदायों का सामाजिक-आर्थिक विकास सुनिश्चित करना है। ह्लये बोर्ड उनकी अनूठी भाषाओं और परंपराओं की रक्षा करते हुए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और रोजगार सुनिश्चित करेंगे। वे पारंपरिक अधिकारों की रक्षा करेंगे और आगे सामाजिक-आर्थिक विकास लाएंगे। 2013 से हमने अपने कमजोर समुदायों के लिए ऐसे कई बोर्ड स्थापित किए हैं, जो उनके सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करते हैं। एक्स पर पोस्ट में लिखा था कि मां, माटी, मानुष के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का अर्थ है कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए समर्पित हैं कि कोई भी समुदाय पीछे न छूटे। हमारा लक्ष्य सरल है: समावेशी प्रगति और अटूट समर्थन के माध्यम से हर चेहरे पर मुस्कान लाना। जय बांग्ला।

## जलभराव से मिलेगी निजात

## 'मिशन मोड में नालों की सफाई का काम'- रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** में यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है. हाईटेक मशीनों के जरिए ड्रेनों की सफाई का काम किया जा रहा है. नई-नई मशीनें इस काम के लिए उतारी गई हैं. मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि राजधानी में ड्रेनों की सफाई का काम अब मिशन मोड में किया जा रहा है. शुक्रवार (13 मार्च) को बडुसराय पुल और पंखा रोड ड्रेन में आधुनिक Amphibian Excavator Machine (लॉन्ग और शॉर्ट बूम) का इस्तेमाल शुरू किया गया.

हाई-टेक मशीनों से ड्रेनों की सफाई

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मा एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, "ये हाई-टेक मशीनें ड्रेनों और जलाशयों में जमी सिल्ट, कचरा और जलकुंभी को तेजी से हटाने में सक्षम हैं, जिससे सफाई का काम पहले से ज्यादा तेज और प्रभावी होगा. इससे पानी का बहाव बेहतर होगा, ड्रेनों की सफाई तेज होगी और जलभराव की समस्या कम करने में मदद मिलेगी."



यमुना को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए दिल्ली में ड्रेनों की सफाई का काम मिशन मोड में चल रहा है। इसी कड़ी में आज बडुसराय पुल और पंखा रोड ड्रेन में नई Amphibian Excavator Machine (लॉन्ग और शॉर्ट बूम) का इस्तेमाल शुरू किया गया है।

मंत्री प्रवेश वर्मा और आशीष सूद रहे मौजूद

ड्रेनों और जलाशयों में जमी सिल्ट और कचरा निकाले जाने का काम तेजी से किए जाने के बाद आसपास के इलाकों को भी बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है. इस मौके पर कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा और आशीष सूद समेत संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे.

जलभराव से मिलेगी निजात, उट रेखा गुप्ता बोलीं, 'मिशन मोड में नालों की सफाई का काम

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जनवरी महीने में ही यमुना को फिर से स्वच्छ और प्रवाहमान बनाने के लिए मिशन-मोड में ठोस एक्शन प्लान लागू करने को लेकर समीक्षा बैठक भी की थी. इस दौरान यमुना की मौजूदा हालत, सीवेज ट्रीटमेंट, नालों की सफाई और अनधिकृत कॉलोनियों में सीवर लाइन बिछाने जैसे कामों की समीक्षा की गई थी. मुख्यमंत्री ने कहा था कि यमुना केवल नदी नहीं, बल्कि दिल्ली की जीवनरेखा है।

## ट्रैफिक पुलिस के नाम पर उगाही करने वाले सिंडिकेट का खुलासा

नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ट्रैफिक नियमों को धता बताकर अवैध वसूली करने वाले एक बड़े मार्का-स्टिकर गैंगका भंडाफोड़ करते हुए दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में इस सिंडिकेट का मास्टरमाइंड जय भगवान और उसका साथी शिवम शर्मा शामिल हैं. इन दोनों की गिरफ्तारी के साथ अब तक इस मामले में कुल 20 आरोपियों को पकड़ा जा चुका है.



दिल्ली पुलिस के मुताबिक यह गिरोह नो-एंट्री के समय मालवाहक गाड़ियों को दिल्ली में घुसाने के लिए ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों को नकली स्टिकर या मार्का बेचता था।

## यूपी विधानसभा चुनाव को लेकर राहुल गांधी का बड़ा बयान

## पीएम संविधान की भावना को नहीं मानते- राहुल

**लखनऊ**

**भारतीय** राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने संविधान सम्मेलन को संबोधित करते हुए बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम को याद किया और कहा कि उनका संघर्ष, विजन और देश की राजनीति पर पड़ा असर बेहद महत्वपूर्ण रहा है.

लखनऊ में आयोजित सम्मेलन के दौरान रायबरेली सांसद ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के संदर्भ में अहम टिप्पणी की. राहुल ने कहा कि अगर यूपी में 100 लोग मिल गए, जो कहें मर जाएंगे लेकिन पीछे



नहीं हटेंगे तो हमारा काम हो जाएगा. इससे पहले राहुल गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू आज जिंदा होते तो कांशीराम, कांग्रेस से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते. उन्होंने दावा किया कि देश के पावर स्ट्रक्चर में 85 प्रतिशत आबादी की हिस्सेदारी नहीं दिखाई देती. राहुल गांधी ने कहा कि देश की 500 बड़ी कंपनियों के सीईओ और सीनियर मैनेजमेंट की सूची देख लीजिए, वहां पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और आदिवासी वर्ग के लोग मुश्किल से मिलेंगे, जबकि मनरेगा और मजदूरों की सूची में यही 85 प्रतिशत लोग दिखाई देते हैं. उन्होंने कहा कि संविधान कहता है कि यह देश सबका है और सभी लोग समान हैं, लेकिन आज समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है और फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है.

पीएम संविधान की भावना को नहीं मानते- राहुल

उन्होंने आरोप लगाया कि आरएसएस में भी पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित और आदिवासी समाज की भागीदारी नहीं है. उन्होंने कहा कि भारत के संविधान में नाथूराम गोडसे और सावरकर के विचार नहीं हैं, बल्कि यह महात्मा गांधी, भीमराव अंबेडकर और कांशीराम के विचारों पर आधारित है. राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह संविधान की भावना को नहीं मानते और देश की ऊर्जा सुरक्षा से भी समझौता किया है।

# कोचिंग जा रही 11वीं की छात्रा को ट्रक ने कुचला, 25 फीट तक घिसटने से मौत, चालक को पकड़कर लोगों ने पीटा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** फूलपुर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 11वीं की छात्रा की मौत हो गई। कोचिंग के लिए साइकिल से जा रही छात्रा को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद छात्रा साइकिल सहित करीब 25 फीट तक घिसटती चली गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हादसा सुबह करीब साढ़े सात बजे मैलहन गांव के पास हुआ। रैनी गांव निवासी आनंद बहादुर यादव की बेटी प्राची आदर्श इंटर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्रा थी। वह साइकिल से मैलहन में कोचिंग पढ़ने जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही वह मैलहन के पास पहुंची, पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक (वढ70उळ6566) ने उसे टक्कर मार दी। हादसे के बाद छात्रा का बैग और अन्य सामान सड़क पर बिखर गया।



**भाग रहे चालक को लोगों ने दौड़ाकर पकड़ा**

दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर भागने लगा। इस पर स्थानीय लोगों ने बाइक से पीछा कर करीब 200 मीटर दूर जाकर ट्रक को रुकवा लिया। खुद को घिरता देख चालक ट्रक छोड़कर खेतों की ओर भागने लगा, लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को भीड़ से छुड़ाकर हिरासत में ले लिया। स्थिति को देखते हुए चार थानों की पुलिस मौके पर तैनात कर दी गई।

**गुस्साए लोगों ने किया हंगामा, ट्रक में तोड़फोड़**

छात्रा की मौत से आक्रोशित लोगों ने ट्रक के शीशे तोड़ दिए और पहियों की हवा निकाल दी। ट्रक में लदी मैदे की करीब 20 से 25 बोरियां उतारकर सड़क पर रख दीं और जाम लगा दिया। इस दौरान करीब पांच घंटे तक हंगामा चलता रहा।

सूचना मिलने पर एसीपी फूलपुर विवेक यादव मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन और ग्रामीण जिलाधिकारी को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे।



**चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज**

फूलपुर थाना प्रभारी ने बताया कि छात्रा के पिता आनंद बहादुर यादव की तहरीर पर ट्रक चालक इंद्रजीत के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक को पुलिस हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

**परिवार में मचा कोहराम**

हादसे की खबर मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। बेटी की मौत से मां रो-रोकर बेहाल हो गई, जबकि पिता सदमे में बार-बार अचेत हो जा रहे थे। प्राची तीन भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थी। उसके पिता आनंद बहादुर यादव खेती करके परिवार का पालन-पोषण करते हैं।

**वीडियो बना रहे तीन लोगों से मारपीट**

हंगामे के दौरान कुछ लोग घटना का वीडियो बना रहे थे। इस पर आक्रोशित लोगों ने तीन लोगों के साथ मारपीट कर दी, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। बाद में फूलपुर चेयरमैन अमरनाथ यादव ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझाया। कुछ देर बाद सपा विधायक विजमा यादव भी वहां पहुंचीं और परिजनों से बातचीत की, जिसके बाद मामला शांत हुआ।

## भदारी गांव में पेड़ से लटका मिला नाबालिग का शव



**जंघई।** सराय ममरेज थानांतर्गत भदारी गांव में गुरुवार को 17 वर्षीय किशोर का शव आम के पेड़ से लटका मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन परिजन और स्थानीय ग्रामीण कार्रवाई की मांग को लेकर शव को पेड़ से नीचे उतारने नहीं दे रहे थे। मृतक की पहचान शुभम भारती 17 वर्ष पुत्र बिंदु शेखर पासी निवासी भदारी के रूप में हुई है। शुभम ने हाल ही में दसवीं की परीक्षा पास की थी वह अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था परिवार में तीन बहनें शिवांगी, शैलेंद्री और शैल है। पिता बिंदु शेखर पासी पेशे से राजगीर मिस्त्री हैं जबकि माता का नाम सीमा देवी है। परिजनों के अनुसार घर के पीछे लगभग 50 मीटर दूर स्थित बगीचे में आम के पेड़ की डाल से साड़ी के फंदे के सहारे शुभम का शव लटका हुआ मिला। काफी खोजबीन के बाद शाम के समय उसका शव पेड़ से लटकता मिला, जिसके बाद परिवार में कोहराम मच गया और गांव में लोगों की भीड़ जुट गई। बताया जा रहा है कि गांव में आई एक बारात के दौरान शुभम और गांव के ही आशु द्विवेदी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था इस मामले में आशु द्विवेदी ने बुधवार को थाने में शिकायत भी की थी गुरुवार को पुलिस मामले की जांच के लिए गांव पहुंची थी इस दौरान शुभम घर पर नहीं मिला तो पुलिस उसके पिता को पूछताछ के लिए थाने ले जाने लगी तभी शुभम की मां की तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें छोड़ दिया। शाम को बगीचे में शुभम का शव पेड़ से लटका मिलने के बाद मामला और संदिग्ध हो गया फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। वहीं परिजन और ग्रामीण घटना की निष्पक्ष जांच व कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मृतक के पिता ने आशु द्विवेदी, आकाश द्विवेदी, आशीष द्विवेदी पुत्रगण मनोज द्विवेदी निवासी सरायममरेज पर मानसिक प्रताड़ना एवं आत्महत्या हेतु उकसाने का मुकदमा पंजीकृत करवाया है मामले की जांच एसीपी हंडिया शेषधर पांडेय कर रहे हैं।

## जिला पंचायत सभागार में कार्यक्रम हुआ संपन्न



**उत्कृष्ट कार्य को लेकर किया गया सम्मानित**

**प्रयागराज।** शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार प्रयागराज में जनपद स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे उत्सव बेसिक शिक्षा विभाग प्रयागराज द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी प्रयागराज, मुख्य विकास अधिकारी, सी० डी० पी० ओ० इत्यादि उपस्थिति रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ वी० के० सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत गीत के साथ हुआ एवं प्री प्राइमरी एवं प्राइमरी विद्यालय के समन्वित रूप से किए जाने वाले कार्यों पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। इस कार्यक्रम में सोरांव ब्लॉक से अनामिका पाण्डेय (सुपरवाइजर), वर्तिका गौर (नोडल शिक्षक संकुल), कंजिका पाण्डेय (नोडल शिक्षक), कुलश्रेष्ठ मौर्या (आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री) और पूनम यादव (ई० सी० सी० एजुकेटर) को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

# जारी बाजार में चोरों का आतंक, टायर दुकान का ताला तोड़कर लाखों के टायर पार

- शटर तोड़कर 100 टायर पार, एक सप्ताह में चौथी चोरी
- सीसीटीवी में स्कॉर्पियो व ऑटो में टायर लादते दिखे संदिग्ध

**करछना।** थाना क्षेत्र के जारी चौकी अंतर्गत जारी बाजार में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने टायर की एक दुकान का शटर तोड़कर करीब पौने दो लाख रुपये के टायर चोरी कर लिए। घटना से क्षेत्र के व्यापारियों में भारी आक्रोश है और उन्होंने पुलिस से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जारी बाजार निवासी दिलीप कुमार केसरवानी पुत्र रामसेवक की बाजार में साईं टायर्स नाम से टायर-ट्यूब की दुकान है। गुरुवार की रात वह रोज की तरह करीब पौने नौ बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। शुक्रवार सुबह करीब सात बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो शटर का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। आसपास के लोगों को बुलाकर जब दुकान के अंदर देखा गया तो करीब 100 बाइक व ऑटो के टायर गायब मिले। चोरी गए टायरों की कीमत लगभग पौने दो लाख रुपये बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में एक स्कॉर्पियो और एक ऑटो में टायर लादते कुछ संदिग्ध दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसे में अब देखना यह है कि पुलिस चोरों तक पहुंच पाती है या नहीं। गौरतलब है कि एक सप्ताह के भीतर जारी बाजार में यह चौथी चोरी की घटना है। इससे पहले 3 मार्च को रामूलाल साहू, 6 मार्च को जावेद तथा 9 मार्च को आलोक केसरवानी के यहां भी चोरी हो चुकी है। एक मामले में व्यापारियों ने एक चोर को पकड़कर पुलिस को सौंपा भी था, बावजूद इसके चोरी की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं।





आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है, जिसमें कुछ संदिग्ध वाहन भी दिखाई पड़े हैं। पुलिस टीम आरोपियों की तलाश में लगी है और जल्द ही घटना का खुलासा कर संबंधित लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।- **कुल्दीप शर्मा- थाना प्रभारी कौंधियारा**

## पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी एक राय हो कर दीवार गिरा दिए ।विरोध करने पर घर मे घुस कर लाठी डंडो से मारे पीटे तथा जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चार नामजद और कई अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय लालू निवासी त्रिलोकीनाथ पुत्र महाराजदीन का आरोप है कि विपक्षी एक राय होकर उसकी दीवार गिरा दिए।जब वह दोबारा निर्माण करने लगा तो विपक्षी आकर गालियां देने लगे त्रिलोकीनाथ का आरोप है कि मना करने पर जान से मारने की धमकी दिए। जब जान बचाकर कर घर में घुस गए तो घर में घुसकर मारा पीटा गया जिसमें मुझे और मेरी पुत्री खुशबू को चोटें आयी है। त्रिलोकीनाथ ने मऊआइमा थाना में तहरीर दे कर गांव के ही लोकनाथ, कमही, विकास, विशाल तथा कई अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# उतरांव में नाबालिक के साथ दुष्कर्म का प्रयास, पिता-पुत्र गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश



**उतरांव।** प्रयागराज के उतरांव थाना क्षेत्र में एक नाबालिक के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना बीती रात लगभग 9 बजे उस समय हुई जब नाबालिक लड़की कक्षा 4 की छात्रा, घर के पास दुकान से सब्जी-मसाला लेने गई थी। एफआईआर के अनुसार, गांव का ही मुनीम पुत्र कमलेश ने 10 रुपए देकर लड़की से अनुचित काम करने की कोशिश की और उसकी गोपनीय हिस्सों को छूने का प्रयास किया। नाबालिक घर लौटकर रोते हुए परिजनों को पूरी घटना बताई।

पीड़िता के माता-पिता ने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। परिजनों के अनुसार, जब वे आरोपी के घर घटना के संबंध में पूछने गए तो आरोपी ने ह्यगलती हो गईह्ल कहकर माफी मांगी। इसके बाद आरोपी के भाई अनिल कुमार, भगवती पुत्र कमलेश और आरोपी ने पीड़िता के माता-पिता पर हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाईं।

उतराव थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और मामले की गहन जांच की जा रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।


## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा-कौशाम्बी

पत्रांक-815/न0पं0अ0/ई-निविदा सूच0/2025-26 दिनांक-13/03/2026

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत अझुवा जनपद कौशाम्बी के समस्त पंजीकृत/ नवीनीकृत/ अन्य फर्मों एवं ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अझुवा को वित्तीय वर्ष 2025-26 में वंदन योजना के अन्तर्गत प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृत की धनराशि-96.06 लाख रू0 के सापेक्ष मु0 48.00 लाख रूपये की प्रथम किस्त प्राप्त हुई है। प्राप्त/स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष कराये जाने वाले कार्यों हेतु दिनांक 03/04/2026 को सायं 04.00 बजे तक ई-निविदाएं https://e-tender.up.nic.in पर आमंत्रित की जा रही है, सभी ई-निविदाओं को दिनांक 04.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे ई-टेण्डर कमेटी के सदस्यों के समक्ष नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा सम्बंधी पूर्ण एवं विस्तृत विवरण टेण्डर प्रपत्र शर्तों आदि की जानकारी दिनांक 14/03/2026 से 03/04/2026 सायं 04.00 बजे तक उ0प्र0 की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाईट https://e-tender.up.nic.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेबसाईट के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी। ई-निविदा के साथ 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि केवल राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अझुवा के पदनाम से बंधक ही मान्य होगी। प्रति निविदा मूल्य के साथ-साथ गौवंशों के भरण पोषण हेतु धनराशि-2000.00 रूपये अलग से नगद/आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से नगर पंचायत अझुवा के नगर निधि के खाता संख्या 35716626492 भारतीय स्टेट बैंक शाखा अझुवा कौशाम्बी में जमा कर रसीद और 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 की स्कैन कॉपी वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। यह भी अवगत कराना है कि निविदा डालने के पूर्व निविदा के साथ संलग्न समस्त नियम/शर्तों को भली-भांति जानकारी कर लें, किसी भी त्रुटि के लिए निकाय जिम्मेदार नहीं होगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त कने का अधिकार ई-टेण्डर कमेटी के सदस्यों को होगा। निविदा खुलने के दिन यदि किसी कारणवश अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अथवा वेबसाईट https://e-tender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**

**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत अझुवा**
**कौशाम्बी**




**बिना गुरु के मार्गदर्शन संभव नहीं है : नारद महाराज**

**जंघई।** चनेथू मनोरथपुर निवासी जयशंकर तिवारी एवं उमाशंकर तिवारी द्वारा यथार्थ गीता का अखंड पाठ एवं स्वामी अड़गड़ानंद महाराज शक्तेशगढ़ के परम शिष्य नारद महाराज का सत्संग एवं भंडारे का आयोजन किया गया। नारद महाराज के पहुंचने पर पुष्प वर्षा, पटाखे, माल्यार्पण एवं आरती करके जयशंकर एवं उमाशंकर ने स्वागत किया। सत्संग पंडाल मे नारद महाराज ने कहा कि व्यक्ति को सही मार्ग पर जाने के लिए गुरु की जरूरत होती है बिना गुरु के मार्गदर्शन संभव नहीं है गुरु की महिमा महान है। उन्होंने कहा कि जिस भूमि पर संत और गुरु पैदा होते हैं वह भूमि तीर्थ स्थल हो जाती है जो गुरु का अनादर किया उसको किसी भी लोक में सुख प्राप्त नही हुआ परमात्मा ध्यान है तो सद्गुरु मार्ग। बिना गुरु के न तो राम पूर्ण हुए न ही कृष्ण। नारद जी ने कहा कि आज हमारे गुरु अड़गड़ानंद महाराज लाखों लोगों के मार्गदर्शक बने हुए हैं। उन्होंने रचित यथार्थ गीता से लोगों को सही धर्म और कर्म का मार्ग बताया है। इस अवसर पर शारदा शरण शुक्ला, राजाजी, शुक्ला, पिंटू शुक्ला एडवोकेट, ह्रदय कांत मिश्र, सुभाष नारायण तिवारी, राम भास्कर तिवारी, दीनानाथ त्रिपाठी, भोला नाथ त्रिपाठी, कपिल देव तिवारी, विजय त्रिपाठी, पीके मिश्र, संतोष पांडेय, मुकेश तिवारी, सत्यवान तिवारी, संजय तिवारी, दीपक यादव प्रधान, दुर्गा चौरसिया, रामप्रताप यादव, अभ्यंकर जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## सफल ऑपरेशनः गुर्दे से निकाली गई तीन इंच की पथरी

**नैनी।** नैनी के दाउद नगर, यूको बैंक के बगल स्थित राजकमल नर्सिंग होम में सफल ऑपरेशन हुआ करछना के बसरिया गांव की रहने वाली उर्मिला देवी (45) पत्नी सुद्दन लाल प्रजापति की अचानक बीते दिनों पेट और किडनी के पास दर्द होने पर जब परिजनों ने इलाज हेतु लेकर पहुंचे तो उक्त अस्पताल संचालक डॉक्टर श्रीकांत पटेल ने महिला मरीज का जांच पड़ताल कराया तो पता चला कि महिला मरीज के किडनी यानी कि गुर्दे में लगभग ढाई से तीन इंच की पथरी की वजह से महिला को दिक्कत हो रही है। जिस पर उक्त महिला मरीज उर्मिला देवी को 9 मार्च 2026 को अस्पताल में इलाज हेतु दाखिल किया गया और 11 मार्च 2026 की रात्रि लगभग 9:30 बजे सर्जन डॉक्टर रजनीकांत कुशवाहा समेत स्टाफ की टीम ने उक्त महिला का लगभग ढाई घंटे तक सफल ऑपरेशन करते हुए महिला मरीज के गुर्दे से लगभग तीन इंच की पथरी को निकाला गया। सफल ऑपरेशन होने पर महिला मरीज पूरी तरह से स्वस्थ्य है। राजकमल नर्सिंग होम के संचालक एवं निदेशक डॉक्टर श्रीकांत पटेल ने बताया कि यह पहली बार है कि बड़े पैमाने पर सफल ऑपरेशन डॉक्टर रजनीकांत कुशवाहा और उनकी टीम के द्वारा राजकमल नर्सिंग होम में किया गया है। हालांकि उक्त नर्सिंग होम में कई ऑपरेशन सफलतापूर्वक किए जा चुके हैं।

# थानापुर में एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित बेसिक शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने पर जोर

**सहसों।** विकासखंड सहसों के बीआरसी द्वारा शुक्रवार को थानापुर गांव में ग्राम प्रधानों, स्थानीय प्राधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा प्रधानाध्यापकों के लिए एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख सहसों गीता सिंह मौजूद रहीं। मुख्य अतिथि गीता सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि सरकार बेसिक शिक्षा में सामुदायिक सहभागिता को अधिक से अधिक बढ़ावा देने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि यदि समुदाय के लोग विद्यालयों से अधिक संख्या में जुड़ेंगे तो स्कूलों के विकास और शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार संभव है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान थानापुर विजय लक्ष्मी चंदेल ने कहा कि गुरु का कर्तव्य है कि वह अपने छात्र-छात्राओं को सही दिशा देकर उनके उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। खंड शिक्षा अधिकारी सहसों वरुण कुमार मिश्रा ने सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे बच्चों को विद्यालय से जोड़ने तथा विद्यालयों की भौतिक संरचना को बेहतर बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। कार्यक्रम को देवनहरी ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाब प्रसाद त्रिपाठी तथा प्रधान संघ अध्यक्ष बृजेश पांडेय ने भी संबोधित किया। इस दौरान ग्राम प्रधानों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया तथा अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। इसी क्रम में अपने-अपने विद्यालयों में बेहतर कार्य करने के लिए प्रधान विजय लक्ष्मी चंदेल, बच्चा यादव, अशोक कुमार, कुंदन सिंह और शमशेर प्रसाद सहित कई ग्राम प्रधानों को बीईओ द्वारा अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।





कार्यक्रम का संचालन एआरपी महेश प्रताप यादव और शिव अवतार साहू ने किया। वहीं विद्यालयों से आए बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर एआरपी कमल सिंह, उर्मिला सिंह, महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष शिखा पांडेय, संतोष जायसवाल, रवि दुबे, राजकुमार गिरी, आलोक दुबे, भूपेंद्र वीर सिंह, अजीत सिंह, नागेंद्र मिश्रा, मनोज मौर्य, संजय, अंबरीश शुक्ला, आशीष सिंह, रमेश यादव, अरुण वर्मा, रेखा मिश्रा, कांति शुक्ला, सरला देवी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# रंगों में डूबी शंकरगढ़ की शाम, केसरवानी वैश्य महिला सभा का होली मिलन समारोह बना यादगार

अखंड भारत संदेश

**शंकरगढ़।** केसरवानी वैश्य महिला सभा शंकरगढ़ की ओर से आयोजित रंगोत्सव होली मिलन समारोह शुक्रवार को कन्हैया लॉज में बेहद हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंग, उमंग तथा आपसी मेल-मिलाप के बीच होली के पर्व को यादगार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देने के साथ हुई। इसके बाद होली के पारंपरिक गीतों और संगीत की धुन पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण रंगों और





उत्साह से सराबोर हो गया। कार्यक्रम स्थल पर देर तक हंसी-खुशी और उमंग का माहौल बना रहा।

रंगोत्सव के दौरान महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं, जिनमें होली के लोकगीत, समूह नृत्य और मनोरंजक कार्यक्रम शामिल रहे। इन प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ रंग खेलते हुए होली की खुशियां साझा कीं और सामाजिक एकता तथा सौहार्द का संदेश दिया।महिला सभा की अध्यक्ष वंदना केसरवानी ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं बल्कि आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से समाज की महिलाओं को एक साथ आने का अवसर मिलता है और आपसी संबंध और मजबूत होते हैं। उन्होंने सभी महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।

कार्यक्रम में महिला सभा की महामंत्री रानी केसरवानी और कोषाध्यक्ष वैशाली केसरवानी ने भी सभी का स्वागत किया और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाली महिलाओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया। रंग, संगीत और उमंग से सराबोर इस आयोजन ने शंकरगढ़ की शाम को यादगार बना दिया।इस अवसर पर समाज की कई महिलाएं मौजूद रहीं, जिनमें अंजू केसरवानी,साधना केसरवानी, खुशबू केसरवानी, ज्योति केसरवानी, संजना केसरवानी, सोनी केसरवानी, रजनी केसरवानी, रश्मि केसरवानी, राशि केसरवानी, रेखा केसरवानी, मुस्कान केसरवानी, आशा केसरवानी,राधा केसरवानी, पूजा केसरवानी, सपना केसरवानी, पिंकी केसरवानी, रेनू केसरवानी, रीना केसरवानी, किरण केसरवानी, चेताली केसरवानी, उषा केसरवानी, प्रियंका केसरवानी, कविता केसरवानी, मोना केसरवानी, रेनू केसरवानी, संगीता केसरवानी, श्वेता केसरवानी, रंजीता सहित अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत धरी, वि0 ख0 कौंधियारा, प्रयागराज

पत्रांकः मेमो/वर्षः2025-26 **अल्पकालीन कोटेशन निविदा सूचना** दिनांक : 13-03-2026

ग्राम पंचायत धरी विकास खंड कौंधियारा में वर्ष 2025/26 योजना अंतर्गत इंटरलाकिंग, सड़क, पंचायत भवन, अमृत सरोवर,कैटल सेड प्रयुक्त होने वाली सामग्री ईट,जी0एस0बी0 गिट्टी,लाल ईट, सीमेंट, सरिया डाला, गिट्टी एवं लोकल बालू,महीन बालू, मोटी बालू,साइन बोर्ड आदि हेतु पंजीकृत फर्म से दिनांक 14.03.2026 से 28.03.2026 तक सीलबंद निविदा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में आमंत्रित की जाती है।जो दिनांक 29.3.2026 को प्रात: 10 बजे उपस्थित फर्म के समक्ष खोली जाएगी। निविदा स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निहित होगा। सामग्री की मात्रा ग्राम पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार होगा। कार्य विवरण निम्नवत ।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1. | .काली रोड से किशोरी लाल के घर तक इंटरलाकिंग निर्माण कार्य 100 मीटर, | 5.7000 लाख | 3 माह |

**सुजीत कुमार**
**(ग्राम प्रधान)**
**ग्राम पंचायत धरी**
**वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।**

**पंकज सिंह**
**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत धरी**
**वि. ख. कौंधियारा, प्रयागराज।**

# एलपीजी की कमी नहीं, अफवाहों पर ध्यान न दें : जिलाधिकारी

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज में एलपीजी गैस की आपूर्ति को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच शुक्रवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्पष्ट किया गया कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की आपूर्ति पर्याप्त है और मांग के सापेक्ष किसी प्रकार की कमी या बाधा नहीं है।

बैठक में पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों के साथ-साथ तेल कंपनियों Indian Oil Corporation, Bharat Petroleum AüSX Hindustan Petroleum के प्रतिनिधि, जिला पूर्ति विभाग के अधिकारी, सभी उपजिलाधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, पूर्ति निरीक्षक और गैस एजेंसियों के संचालक मौजूद रहे।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर ईरान-इजराइल और मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण इंधन की कमी होने की भ्रामक खबरें फैल रही हैं। इसके चलते उपभोक्ता जरूरत से ज्यादा सिलेंडर बुक करा रहे हैं, जिससे गैस एजेंसियों पर भीड़ बढ़ रही है। हालांकि जिले की 144 गैस एजेंसियों के माध्यम से सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। तेल कंपनियों के अधिकारियों ने बताया कि एलपीजी गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। ऑनलाइन बुकिंग के लिए कंपनियों के सर्वर भी अब सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इसके साथ ही मैनुअल बुकिंग की सुविधा भी शुरू कर दी गई है।

प्रशासन ने बताया कि शहरी क्षेत्रों में उपभोक्ता रिफिल प्राप्त करने के 25 दिन बाद और ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन बाद ही अगली बुकिंग करा सकते हैं। उपभोक्ता अधिकृत वितरक के माध्यम से मोबाइल या ह्लस्मार्ट बुकिंग मोड ऐपह्व से गैस रिफिल बुक कर सकते हैं और डिलीवरी के समय ऑथेंटिकेशन कोड बताकर सिलेंडर प्राप्त कर सकते हैं।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे नियमित रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण, डायवर्जन, ओवररेटिंग या कालाबाजारी न हो। यदि ऐसा पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 और अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही गैस एजेंसी संचालकों को एजेंसी के बाहर स्टॉक का प्रदर्शन करने, केवाईसी के लिए अलग काउंटर बनाने, उपभोक्ताओं से शिष्ट व्यवहार रखने और कार्यालय व गोदामों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं।

जनता की शिकायतों के समाधान के लिए जिला पूर्ति कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। गैस बुकिंग या आपूर्ति से संबंधित शिकायतों को दर्ज कर उनका जल्द निस्तारण किया जाएगा। तहसील स्तर पर भी कंट्रोल रूम बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

## अलविदा की नमाज के बाद दो पक्षों में विवाद, फायरिंग में महिला समेत दो घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के भीटी इलाके में शुक्रवार को दो पक्षों के बीच हुए विवाद के दौरान फायरिंग हो गई। गोली लगने से एक महिला और एक किशोर घायल हो गए। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि करीब 15 दिन पहले मामूली बात को लेकर दो पक्षों के युवकों के बीच विवाद हुआ था। उस दौरान फुजैल पक्ष के कुछ लोगों ने नजर नाम के युवक के साथ मारपीट की थी। बाद में मामला शांत हो गया था। शुक्रवार को अलविदा की नमाज के बाद एक बार फिर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान उनके बीच कहासुनी होने लगी। आरोप है कि विवाद के दौरान नजर ने धमकी दी कि दोबारा हाथ उठाया गया तो वह गोली चला देगा। इसी बात पर बहस बढ़ने के बाद उसने कथित तौर पर देशी तमंचे से फायर कर दिया। फायरिंग के दौरान पास में खड़ी फुजैल की पत्नी और उसका भतीजा गोली लगने से घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

## न्यूज झरोखा

### बोलेरो की टक्कर से बाईक सवार चाचा भतीजा घायल, सिरियारी गांव में ओवरटेक करने में हुई घटना





**पसना।** कोरांव थाना क्षेत्र के सिरियारी प्राथमिक विद्यालय के पास हुई सड़क दुर्घटना में स्प्लेंडर बाइक पर सवार चाचा भतीजे घायल हो गए। प्राप्त जानकारी अनुसार भरथीपुर बड़ोखर के हर्ष द्विवेदी अपने चाचा के साथ कोराव से मेजा तहसील की ओर जा रहे थे सिरियारी गांव के पुलिया के पास एक वाहन से पास लेते समय बाइक पर सवार दोनों व्यक्ति सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो से भिड़ जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद आसपास के ग्रामीणों मैं पुलिस को सूचना देते हुए घायलों को अस्पताल भिजवाया। मौके पर कोराव थाने की पुलिस ने पहुंच कर दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनो कब्जे में लेकर थाने भिजवाया।

### पार्षदों के द्वारा नैनी क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर एक आवश्यक बैठक हुई



**नैनी।** नैनी नगर निगम जोन 5 के पार्षदों के द्वारा नैनी क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर एक आवश्यक बैठक वार्ड नं 40 ददरी के पार्षद पवन पूजा यादव के आवास पर किया गया बैठक में सभी पार्षदगण के द्वारा विस्तारित क्षेत्र में जहां मूलभूत सुविधाएं नगर निगम की उपलब्ध नहीं किया गया है। वहां पर नगर निगम के द्वारा जबरन नोटिस बिल ज्यादा देकर आम नागरिक को परेशान किए जाने का आरोप लगाया है। तथा निस्तारण के नाम पर आम नागरिक कई महीनो चक्कर लगता है। तब निस्तारण होता है। पूर्व में महापौर गणेश केसरवानी व? नगर आयुक्त महोदय द्वारा पार्षदों के एक बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि नगर निगम द्वारा जहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। वहां ग्रहकर तथा जलकर सीवर का टैक्स नहीं लिया जाएगा पार्षद द्वारा बताया गया कि विस्तारित क्षेत्र में ज्यादातर जलकर का पाइप है। और नगर निगम द्वारा रोड नाली खडंजा विद्युत स्ट्रीट लाइट व कचरा की गाड़ी डोर टू डोर आदि की व्यवस्था नहीं किया गया है। लेकिन नगर निगम द्वारा लगातार वसूली किया जा रहा है। ग्रहकर में अगर किसी आम नागरिक का बिल 25 से 50 हजार तक है। तो कुर्की का आदेश करके उनके घर जाकर तालाबंदी किया जाता है। जहांगीराबाद पार्षद रणविजय सिंह डब्बू एडवोकेट ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार प्राइवेट ठेकेदार एजेंसियों के द्वारा जबरन स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं। जहां पर आम नागरिक का मीटर पहले से सही चल रहा है। वहां पर भी विद्युत ठेकेदारो के द्वारा आम नागरिकों की विद्युत लाइट काटकर जबरन स्मार्ट मीटर लगाया जाता है। स्मार्ट मीटर से पूरा क्षेत्र परेशान है। हर महीने ज्यादा बिल के आने के कारण विद्युत विभाग का चक्कर आमनागरिक लगा रहे हैं। सभी पार्षदगण ने निर्णय लिया कि 17 मार्च को दोपहर 12ः बजे नगर निगम प्रयागराज में नगर आयुक्त व महापौर गणेश केसरवानी को तथा 18, 3, 2026 को सुबह 11ः बजे जेल रोड पावर हाउस टीएसएल पावर हाउस तथा रामपुर पावर हाउस में उपखंड अधिकारी का घेराव करेंगे बैठक की अध्यक्षता कक्ष समिति अध्यक्ष पार्षद राकेश जायसवाल ने किया तथा संचालन नरसिंह पूर्व जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा महानगर ने किया मौके पर पार्षदगण प्रदीप महरा, मयंक यादव, धनरीश उर्फ मंचो सिंह, मुन्ना प्रधान राजा भारती, पार्षद प्रतिनिधि तेंदुआवन आलोक कुमार एडवोकेट आदि लोगों उपस्थित रहे।

### अलविदा जुमा पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़, अमन-चैन की दुआएं मांगी गईं, पुलिस प्रशासन रहा मुस्तैद



**मांडा।** शुक्रवार को पवित्र रमजान माह के अंतिम जुमे, अलविदा जुमा पर क्षेत्र की मस्जिदों में भारी भीड़ उमड़ी। नमाजियों ने पूरे सम्मान और श्रद्धा के साथ नमाज अदा की और देश में अमन-चैन, भाईचारे तथा खुशहाली की दुआएं मांगीं। सुबह से ही मस्जिदों में नमाजियों का आना शुरू हो गया था। लोग साफ-सुथरे और नए कपड़े पहनकर पहुंचे। जुमे की नमाज के समय सभी मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भर गईं। कस्बा भारतगंज की गारोपुर मस्जिद में नमाज से पहले सहबान अंसारी ने मस्जिद के वर्ष भर के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इसके बाद, पेश इमाम हाफिज इरफान अंसारी ने अलविदा जुमा की नमाज अदा कराई। उन्होंने रोजेदारों को रमजान की बरकतों और इबादत के महत्व के बारे में बताया। कस्बे की बड़ी ईदगाह, इस्लामिया मस्जिद, नूरी मस्जिद, चिकान मस्जिद, गाड़ीवान सईयान मस्जिद, रंगरेजान (बाजार वाली) मस्जिद, बभनौटी टोला मस्जिद, हाजी मस्जिद, सूजी मस्जिद, पठान मस्जिद और कटरा मस्जिद सहित मांडा अडार, इस्लामपुर और महेवा की मस्जिदों में भी तय समय पर अलविदा जुमा की नमाज अदा की गई। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा। यमुनानगर डीसीपी विवेक चंद्र यादव, मेजा एसीपी सन्त प्रसाद उपाध्याय, मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा तथा भारतगंज चौकी प्रभारी सुभाष सिंह ने अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त की।

### वीथिका का साहित्यिक आयोजन 'पीढियां' 15 को

**प्रयागराज।** वीथिका संस्था का अनूठा साहित्यिक आयोजन 'पीढियां' 15 मार्च को सुबह 10 बजे से इलाहाबाद राष्ट्रीय संग्रहालय में होगा। हिंदी साहित्य की तीन पीढ़ियों पर केंद्रित इस कार्यक्रम में देश के प्रमुख साहित्यकार और समालोचक शामिल होंगे। इनमें प्रसिद्ध कथाकार सूर्यबाला (मुंबई), सुप्रसिद्ध उपन्यासकार और कहानीकार मनोज रूपड़ा (नागपुर) युवा कवयित्री आकृति विज्ञा अर्पण (वाराणसी) हैं। यह सभी रचनाकार अपनी रचना और रचना प्रक्रिया पर चर्चा करेंगे। इन साहित्यकारों की रचनाओं पर विमर्श के लिए प्रो. बसंत त्रिपाठी, डॉ. जनार्दन, डॉ. शिशिर सोमवंशी और ब्रिगेडियर रजनीश त्रिवेदी (कानपुर) रहेंगे।

## जिलाधिकारी ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ की विभागीय समीक्षा बैठक



**जिलाधिकारी ने लम्बे समय से लम्बित ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के दिए निर्देश**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी/जिला उपसंचालक चकबंदी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को एनआईसी सभागार में चकबंदी विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष के आरम्भ में कुल 53 ग्राम चकबंदी प्रक्रियाधीन थे, जिसमें 5 ग्रामों में धारा -52 का प्रस्ताव संदर्भित किया गया है। बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी द्वारा बताया गया कि 31 मार्च तक 4 अन्य ग्रामों का भी धारा 52 प्रस्ताव प्रेषित कर दिया जायेगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 30 साल से पुराने लम्बित ग्रामों की चकबन्दी प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाये, तथा जिन ग्रामों में जनविरोध की स्थिति से कार्य आगे नहीं बढ़ रहा है, वहां बैठक कर धारा-6 का प्रस्ताव भेजा जाये। फसल खाली होने के पश्चात ससमय कब्जा परिवर्तन की कार्यवाही की जाये। चकबन्दी अधिकारी हंडिया क्षेत्र में ग्राम रसूलपुर मवैया, बढ़ौली एवं जमशेदपुर उर्फ लालापुर की चकबन्दी सन 1996 से लम्बित होने पर असंतोष प्रकट करते हुए जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने सभी चकबन्दी कार्यालयों में पीठासीन अधिकारियों को प्रत्येक दिन न्यायिक कार्य करने तथा 5 वर्ष से पुराने मुकदमे को गुण-दोष पर सुनकर शीघ्र निस्तारण हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने 5 वर्ष अथवा उससे अधिक समय से लंबित सभी प्रकरणों को प्राथमिकता पर नियमित सुनवाई कर निस्तारित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आईजीआरएस के मामलों को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये जाने के लिए निर्देशित किया है। लक्ष्य प्राप्ति न करने वाले कर्मचारियों व अधिकारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी है। इस अवसर पर उपसंचालक चकबंदी विजय शर्मा, एस0ओ0सी संजीव कुमार तथा चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी उपस्थित रहे।

## परिणाम से नाराज छात्रों का रज्जू भैया विश्वविद्यालय में प्रदर्शन, फेल किए जाने का लगाया आरोप



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज के औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय में शुक्रवार को परिणाम से नाराज छात्र-छात्राओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने नियमों के विपरीत उन्हें फेल कर दिया, जिससे उनमें आक्रोश फैल गया।प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में जमकर नारेबाजी की और प्रशासन के खिलाफ विरोध जताया। इस दौरान कई छात्र-छात्राएं विश्वविद्यालय गेट के पास इकट्ठा हो गए और अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया।

आक्रोशित छात्रों ने कुछ समय के लिए परिसर में आने-जाने वाले वाहनों को भी रोक दिया, जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया। काफी देर तक नारेबाजी और हंगामा चलता रहा। छात्रों का कहना है कि परिणाम की दोबारा जांच कराई जाए और जिन छात्रों को गलत तरीके से फेल किया गया है, उन्हें न्याय दिया जाए।

गौरतलब है कि इससे पहले भी परिणाम को लेकर विश्वविद्यालय में छात्रों ने प्रदर्शन किया था। शुक्रवार को एक बार फिर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं परिसर पहुंच गए और विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की।

## उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों के लिए लिखित परीक्षा 14 और 15 मार्च को

**दोनों दिन दो - दो पालियों में आयोजित होगी परीक्षा, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने समस्त प्रतिभागियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं**

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा प्रदेश के 75 जनपदों के 1090 परीक्षा केन्द्रों में 14 मार्च एवं 15 मार्च को दो-दो पालियों में आयोजित कर रहा है। पूर्वान्ह में 10.00 बजे से मध्यान्ह 12.00 बजे तक एवं अपरान्ह 03.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक परीक्षा होगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने सीधी भर्ती-2025 के अन्तर्गत 4543 पदों पर अभ्यर्थियो से आवेदन आमंत्रित किए थे। इसमें कुल 15,75,760 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। इनमें पुरूष-11,66,386 हैं जबकि 4,09,374 अभ्यर्थी महिला हैं। लिखित परीक्षा के आयोजन हेतु गुणवत्तापूर्ण परीक्षा केन्द्रों के चयन निर्धारण के अन्तर्गत राजकीय माध्यमिक विद्यालय, राजकीय डिग्री कॉलेज, राज्य/ केन्द्र के विद्यालय/ विश्वविद्यालय, पालीटेक्निक, राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज आदि ही सम्मिलित किए गये हैं। महिला अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु उनके मण्डल का ही जनपद आवंटित किया गया है।

लिखित प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी, नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के संबंध में इम्पसीनेशन कंट्रोल (प्रतिरूपण नियंत्रण) हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने कई इंतजाम किए हैं। परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी से मानीटरिंग हेतु त्रिस्तरीय कन्ट्रोल एवं कमांड सेंटर (परीक्षा केन्द्र, जनपद एवं बोर्ड) व्यवस्था की गई है।

परीक्षा के निष्पक्ष, नकलविहीन एवं शुचितापूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराए जाने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड एवं एस०टी०एफ० द्वारा सघनता एवं सूक्ष्मता से सतर्क दृष्टि रखी जाएगी। यदि कोई अवांछनीय गतिविधियों मे संलिप्त पाया जाता है तो उसके विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने अभ्यर्थियों को सलाह दी है कि अनुचित साधनों के प्रयोग, प्रतिरूपण, अवांछनीय कृत्यों, दलालों और नौकरी रैकेट चलाने वालों से सावधान रहें । असुविधा से बचने के लिए परीक्षा केन्द्र पर समय से पहुंचें। प्रवेश पत्र के साथ परीक्षा प्रारंभ होने से 02 घंटा पूर्व प्रवेश पत्र, आधार कार्ड / पहचान पत्र (डी०एल०, पासपोर्ट), काला/नीला बाल प्वाइंट पेन के साथ उपस्थित हों। परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व प्रवेश द्वार बंद कर दिया जाएगा तथा इसके बाद किसी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन पत्र कों आधार नंबर के द्वारा पंजीकृत नहीं किया गया है, अथवा आवेदन के चरण में आधार नम्बर मिसमैच पाए गये हैं, उनसे अपेक्षा है कि वह अनिवार्यतः परीक्षा प्रारंभ होने से 02.30 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर रिपोर्ट करें। इससे निर्धारित समयावधि में उनका सत्यापन किया जा सके। अभ्यर्थी अपना अपडेटेड एवं अनलॉक्ड आधार कार्ड के साथ लिखित परीक्षा हेतु उपस्थित होगें। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने समस्त प्रतिभागियों को लिखित परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दीं हैं।

**यह सामान नहीं लाएं साथ**

परीक्षा केन्द्रों पर पाठ्य सामग्री (मुद्रित या लिखित), कागज के ज्यामितीय-पेंसिल बाक्स, प्लास्टिक पाउच, किसी भी प्रकार का कैल्कुलेटर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड, स्केल, कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबुल/ इलेक्ट्रानिक पेन/स्कैनर, डिजिटल पेन, इलेक्ट्रानिक गैजेट जैसे मोबाइल फोन, चाभी, किसी प्रकार की घड़ी, ज्वैलरी, स्मार्ट वाच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन, पेजर, हेल्थ बैण्ड, बटुआ/ पर्स, काला चश्मा, हैण्डबैग, टोपी, खाने का सामान, सिगरेट, लाइटर, माचिस, गुटखा लाना पूर्ण रूप से वर्जित है।

## मस्जिद में रोजा इफ्तार का आयोजन हुआ



**नैनी।** नैनी क्षेत्र चक फैजुल्ला के नूरी मस्जिद में शुक्रवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय लोगों के साथ-साथ समाजसेवी और गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी के नेता मो. तारिक द्वारा किया गया। इफ्तार के समय रोजेदारों ने परंपरा के अनुसार खजूर खाकर अपना रोजा खोला। इसके बाद फल, शरबत और अन्य खाद्य सामग्री का सेवन किया गया। इफ्तार के दौरान मस्जिद परिसर में भाईचारे और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला। सभी लोगों ने मिलकर रोजा खोला और एक-दूसरे को दुआएँ दीं। कार्यक्रम के दौरान मो. तारिक ने कहा कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे, इंसानियत और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने सभी लोगों से आपसी प्रेम और शांति बनाए रखने की अपील भी की।इफ्तार के बाद रोजेदारों ने सामूहिक रूप से नमाज अदा की और देश-प्रदेश में अमन-चैन तथा खुशहाली के लिए दुआ माँगी। इस अवसर पर क्षेत्र के कई लोग और रोजेदार मौजूद रहे जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। रोजा इफ्तार मे मौलाना शफीक अहमद शरीफी, इशरत सिद्दीकी, तारिक आफताब, शेख लियाकत अली, गुलताज, शहीद शहीद अहमद, सरफराज खान, इब्राहिम खान, आकिब सिद्दीकी, गुलफाम, अब्दुल रहमान के अलावा सैकड़ो लोग शामिल हुए।

## मांडा ब्लॉक कार्यालय में वेतन भुगतान पर विवाद

**एडीओ और बड़े बाबू के बीच तीखी नोकझोंक, आरोप-प्रत्यारोप**

**मांडा।** विकास खंड कार्यालय में बृहस्पतिवार दोपहर वेतन भुगतान को लेकर सहायक विकास अधिकारी (एडीओ) आईएसबी सुरेश चंद्र और बड़े बाबू माया शंकर पांडेय के बीच तीखी नोकझोंक हुई। यह विवाद एडीओ के दो महीने के लंबित वेतन के संबंध में बातचीत के दौरान शुरू हुआ। देखते ही देखते दोनों के बीच बहस इतनी बढ़ गई कि कार्यालय परिसर में भीड़ जमा हो गई। बाद में अन्य कर्मचारियों और वहां मौजूद लोगों के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। एडीओ मांडा सुरेश चंद्र ने आरोप लगाया कि उनका वेतन पास कराने के लिए उनसे पैसे की मांग की जा रही थी। उन्होंने यह भी दावा किया कि ब्लॉक कार्यालय में कई कार्यों के लिए 'लेन-देन' की व्यवस्था है और बिना पैसे के काम कराना मुश्किल होता है।

दूसरी ओर, बड़े बाबू माया शंकर पांडेय ने एडीओ के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि एडीओ आवास योजना के लाभार्थियों से सत्यापन के दौरान पैसे मांगते हैं और रकम न देने पर उन्हें योजना के लिए अपात्र कर देते हैं। सत्यापन के दौरान पैसे मांगते हैं और रकम न देने पर उन्हें योजना के लिए अपात्र कर देते हैं।

खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) अनीस अहमद ने बताया कि यह मामला उनके संज्ञान में है। उन्होंने पुष्टि की कि एडीओ का दो माह का वेतन रुका हुआ है और इसी विषय पर बातचीत के दौरान यह विवाद उत्पन्न हुआ।

## जामा मस्जिद ईदगाह में रमजान का अंतिम जुमे अलविदा अदा किया गया

**नैनी।** नैनी स्टेशन रोड स्थित जामा मस्जिद ईदगाह में शुक्रवार को रमजान का अंतिम जुमे, अलविदा जुम्मा शांतिपूर्ण माहौल में अदा किया गया। हजारों नमाजियों ने देश की तरक्की और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। ईदगाह कमेटी के सचिव नाजिम खान ने बताया कि यह ईदगाह नैनी का प्रमुख ईदगाह है जहां आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग नमाज अदा करने आते हैं। उन्होंने कहा कि ईद-उल-फितर की नमाज इसी ईदगाह में सुबह 8:30 बजे अदा की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के लिए नैनी इंस्पेक्टर बृज किशोर और उनके हमराही मौके पर मौजूद रहे। अलविदा जुमे में कारी अयूब अहमद, आलिम साहब, मौलाना आलम साहब, हाफिज मोहम्मद अनस, हाजी हलीम, शाह आलम, शफजल, हाशिम खान, मकसूद, अमन, अरशद, इस्तियाक और अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अयोध्या में टीम के साथ परचम लहराने के बाद मेजा लौटने वाले पांच खिलाड़ियों का हुआ भव्य स्वागत

**विकास खंड मेजा के बरसैता में स्थित पीएम कंपोजिट विद्यालय में मूर्ति खरबंदा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह की मुख्य अतिथि एवं शिवसेना की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी ने सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों को दी बधाई, किया उत्साहवर्धन, उपहार भेंट कर किया स्वागत एवं अभिनंदन**

**अखंड भारत संदेश**



पांच प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन करती शिवसेना प्रदेश सचिव व अन्य

**मेजा।** राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम करने वाले मेजा के पांच खिलाड़ियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद मेजा लौटने पर पीएम कंपोजिट विद्यालय बरसैता में भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

उल्लेखनीय है कि अयोध्या के डाभासेमर में स्थित डा भीमराव अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में बीते 9 मार्च से 11 मार्च तक आयोजित होने वाली 36वीं राज्य स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल की सेपक टकरा टीम खिलाड़ियों सेमीफाइनल मुकाबले में सहारनपुर मंडल को पराजित कर फाइनल में पहुंची थी जिसके बाद फाइनल में मेजबान अयोध्या मंडल को कड़ी शिकस्त देते हुए प्रयागराज सेपक टकरा टीम ने प्रतियोगिता में अपना परचम लहराते हुए चैंपियनशिप का खिताब अपने किया था। गौरतलब है कि सेपक टकरा टीम में पांच खिलाड़ी प्रिंस,आदित्य, शनि, इकरामुल पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय बरसैता तथा हुसैन कंपोजिट विद्यालय मेजा प्रथम विकास खंड मेजा के थे। गौरतलब है कि इन सभी प्रतिभावान खिलाड़ियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के बाद मेजा लौटने पर समारोह की मुख्य अतिथि शिवसेना एनडीए गठबंधन की प्रदेश सचिव रुचि अभिषेक तिवारी द्वारा शुक्रवार पीएम कंपोजिट विद्यालय बरसैता में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि रुचि अभिषेक तिवारी ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया,साथ ही साथ उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए बधाई भी दिया। कार्यक्रम के दौरान टीम के कोच अनिकेत जायसवाल एवं वीरेंद्र कुमार गौड़ को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल की शिक्षिका इशरत परवीन को खेल के प्रति उनके समर्पण के लिए अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रमशः बीके मिश्रा, सौम्या सिंह, श्यामराज पाल तथा मूर्ति खरबंदा व अध्यक्षता शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया। इस मौके पर वंदना बाजपेई, वीरेंद्र मिश्रा अनिल द्विवेदी, दिनेश कुशवाहा, शिव पूजन पटेल, राघवेंद्र द्विवेदी, तथा सिराजुद्दीन आदि के अलावा कई अन्य गणमान्य लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों की इस उत्कृष्ट एवं अभूतपूर्व उपलब्धि की सराहना किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना के साथ बधाई दिया है।

# राज्य महिला आयोग की सदस्य ने जनसुनवाई कर पीड़ित महिलाओं की सुनी समस्यायें

● शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र महिलाओं तक पहुंचाएं अधिकारी-प्रतिभा कुशवाहा

● महिला आयोग की सदस्य ने लाभार्थियों को प्रमाण पत्र व लैपटाप का किया वितरण

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा ने आज विकास भवन सभागार में महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों की जनसुनवाई की जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं अपनी शिकायतों के साथ उपस्थित हुईं। जनसुनवाई के दौरान प्रतिभा कुशवाहा ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, कार्यस्थल पर शोषण, संपत्ति विवाद, मानसिक उत्पीड़न, पेंशन व आवास योजना का लाभ न मिलने जैसे गंभीर मामलों को व्यक्तिगत रूप से सुना और प्रत्येक शिकायतकर्ता को न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने और उन्हें सशक्त बनाने की दिशा में महिला आयोग पूरी तरह समर्पित है। प्रतिभा कुशवाहा ने संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, निष्पक्ष और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं, और उनका सशक्तिकरण तभी संभव है जब उन्हें न्याय, सुरक्षा और सम्मान मिले। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामलों में मौके पर ही समाधान भी निकाला गया। कई मामलों में संबंधित पुलिस थानों को तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए गए। वहीं, लंबित मामलों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई। प्रतिभा कुशवाहा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत पर फॉलोअप कार्यवाही सुनिश्चित की जाए और शिकायतकर्ता को उसकी जानकारी भी दी जाए। इस मौके पर उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। कानून आपके साथ है और महिला आयोग हर उस महिला के साथ खड़ा है जो किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का शिकार हो रही है। उन्होंने महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी दी और उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होने कहा कि आयोग का उद्देश्य केवल सुनवाई करना नहीं, बल्कि पीड़िता को न्याय दिलाना है। जनसुनवाई के अंत में प्रतिभा कुशवाहा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों पर सतत निगरानी रखी जाए और महिलाओं की सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। महिलाओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजनों से उन्हें न केवल उम्मीद मिलती है, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। आज जनसुनवाई के दौरान कुल 20 महिलाओं ने आयोग की सदस्य के समक्ष अपनी शिकायत दर्ज कराई जिन्हें उन्होंने गंभीरता पूर्वक सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान महिला आयोग की सदस्य ने उ0प्र0 मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के 5 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (कोविड-19) योजनान्तर्गत 05 लाभार्थियों को लैपटाप का वितरण, बाल विकास एवं पुष्टाहार के 5 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया।

जनसुनवाई के उपरान्त महिला आयोग की सदस्य ने विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में महिलाओं की समस्याओं, सुरक्षा और कल्याण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान महिला आयोग की सदस्य ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में विभागों द्वारा आयोजित किए जाने वाले महिला जागरूकता कार्यक्रमों की सूचना अनिवार्य रूप से महिला आयोग को दी जाए, ताकि आयोग भी ऐसे कार्यक्रमों में सहभागिता कर सके और महिलाओं को उनके अधिकारों एवं योजनाओं की जानकारी मिल सके। बैठक में शिक्षा विभाग को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सभी विद्यालयों में मिड-डे-मील के अंतर्गत बच्चों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसके लिए विद्यालयों को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि बच्चों को स्वच्छ और शुद्ध भोजन उपलब्ध हो सके। इसके अलावा नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी (ईओ) को निर्देश दिया गया कि जहां-जहां पिंक शौचालयों की आवश्यकता है, वहां उनकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर स्वच्छ और सुरक्षित शौचालय की सुविधा मिल सके। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर नैन्सी सिंह, सीओ सदर करिश्मा गुप्ता, जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र कुमार मौर्य, जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा, बाल संरक्षण अधिकारी अभय शुक्ला, भाजपा से रामजी मिश्रा व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### छप्पर में लगी आग से भैंस की मौत, गाय झुलसी

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव में गुरुवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव निवासी अशोक कुमार सरोज के छप्पर में रात में अचानक आग लग गई, जिससे एक भैंस की झुलसकर मौत हो गई जबकि एक गाय गंभीर रूप से झुलस गई। बताया जाता है कि घटना के समय अशोक कुमार सरोज और उनके परिवार के सभी सदस्य एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने मौके का फायदा उठाकर उनके छप्पर में आग लगा दी। आस-पास के लोगों को जब तक आग लगने की जानकारी हुई, तब तक आग काफी फैल चुकी थी। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक छप्पर के अंदर बंधी एक भैंस गंभीर रूप से झुलस चुकी थी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गाय भी गंभीर रूप से झुलस गई, जिसका इलाज कराया जा रहा है। आग से छप्पर में रखा काफी सामान भी जलकर राख हो गया।घटना की जानकारी मिलते ही परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी। वहीं क्षेत्रीय लेखपाल शुक्रवार दोपहर नुकसान का आकलन करने के लिए गांव पहुंचे और रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेजने की बात कही। पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

### आगजनी से हड़कंप

**लालगंज।** गोआश्रय स्थल के समीप अचानक आग लगने से हडकंप मच गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के बरेंद स्थित गोआश्रय स्थल के समीप शुक्रवार दोपहर सरपत के झुरमुटों में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीण पहुंचे और आग बुझाने के प्रयास में जुट गये। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड टीम ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया। आगजनी में सरपत के जलने के अलावा और कोई क्षति न होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### शान्तिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई अलविदा की नमाज

**प्रतापगढ़।** तहसील लालगंज क्षेत्र में शुक्रवार को शांतिपूर्ण माहौल में अलविदा की नमाज सम्पन्न हुई। लालगंज कस्बे में बाजार स्थित चांदतारा मस्जिद के साथ ही खालसा सादात, खानापटटी, सांगीपुर, कुम्भीआइमा, पिंजरी, शुकुलपुर, जलेशरगंज, रानीगंज कैथौला, तेजगढ़, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, हण्डौर, लीलापुर आदि मस्जिदों में बड़ी तादात में जुटे अकीदतमंद अलविदा की नमाज में शामिल हुए। अलविदा की नमाज के दौरान पुलिसकर्मी मस्जिदों के आसपास शांति व्यवस्था को लेकर मुस्तैद दिखे। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा, सीओ आशुतोष मिश्र ने क्षेत्र भ्रमण कर शांति व्यवस्था का जायजा लिया।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त जारी, किसानों ने देखा सजीव प्रसारण

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22वीं किस्त का वितरण किया गया। इस अवसर पर कृषि भवन प्रतापगढ़ सहित जनपद के सभी विकासखंड मुख्यालयों तथा कृषि विज्ञान केंद्रों पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कृषि भवन प्रतापगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में माननीय विधायक विश्वनाथगंज जीत लाल पटेल तथा विधायक सदर के प्रतिनिधि अरुण मौर्य की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथियों ने किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा कृषि विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान किसानों को बताया कि फार्मर रजिस्ट्रेशन के माध्यम से भविष्य में उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त होगा तथा कृषि से जुड़ी सेवाएं पारदर्शी और त्वरित रूप से उपलब्ध कराई जा सकेंगी। कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव, जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार, कृषि विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी तथा जनपद के बड़ी संख्या में सम्मानित किसान उपस्थित रहे।

### जमीनी विवाद में महिला से मारपीट

**कुंडा।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नकछेद सुकलन गांव निवासी रीता गौतम पत्नी स्व. शिवबरन गौतम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 मार्च 2026 को करीब 11 बजे वह अपनी जमीन में नाला खोद रही थीं। उसी दौरान पड़ोसी राजेश गौतम पुत्र झुरी गौतम वहां पहुंच गया और जमीन को अपनी बताते हुए विरोध करने लगा। इस बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद राजेश गौतम गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसे और लाठी-डंडे से मारपीट करने लगा। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे पीड़िता के बेटे सौरभ और आदित्य को भी थप्पड़ मारकर पीटा गया। महिला का कहना है कि जब उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। पीड़िता ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव




अखंड भारत संदेश

**कुंडा।** नगर पंचायत हीरागंज बाजार के लक्ष्मीगंज स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता अभय प्रताप सिंह पप्पन द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, राधा तेरी चुनरी, ह्लहवा हवाईह्व तथा फॉर्च्यूनर हरियाणवी गीत समेत समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर आधारित कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

मुख्य अतिथि अभय प्रताप सिंह पप्पन ने अभिभावकों और छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही विकास की जननी है। शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि यह विद्यालय क्षेत्र में आधुनिक शिक्षा का एक अच्छा केंद्र बन रहा है, जो सराहनीय है। खंड शिक्षा अधिकारी बाबागंज आशीष मिश्रा ने भी अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अखिलेश मिश्रा, योगेश मिश्रा पिंटू, पूनम, पल्लवी, विद्या भारती, विजयलक्ष्मी, सोनम, काशी पांडे, गया प्रसाद तिवारी, भुलई, डॉ. मनोज शुक्ला, दिनेश चंद मिश्रा, शिवकुमार यादव, मनोज यादव, अशोक सिंह समेत बड़ी संख्या में अभिभावक, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालक विद्यालय के शिक्षक विनोद तिवारी और पूनम द्वारा किया गया।

# गैस सिलेंडर के लिए लगी लंबी लाइनें सर्वर ठप होने से उपभोक्ता परेशान




अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** क्षेत्र में एलपीजी गैस सिलेंडर को लेकर गैस एजेंसियों पर शुक्रवार को भारी भीड़ देखने को मिली। सर्वर में तकनीकी खराबी के कारण गैस वितरण बाधित रहा, जिससे उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में खड़ा रहकर इंतजार करना पड़ा।

सुबह करीब 10 बजे से ही ग्रामीण क्षेत्रों सहित नगर के लोग गैस सिलेंडर लेने के लिए एजेंसियों पर पहुंच गए और लंबी कतारों में लग गए। कई जगह उपभोक्ता सर्वर चालू होने का इंतजार करते दिखाई दिए, जबकि कुछ लोग पर्ची लेकर गैस वितरण शुरू होने की प्रतीक्षा करते रहे। नगर स्थित प्रज्ञा इंडेन गैस एजेंसी पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की भारी भीड़ लगी रही। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 12 बजे सर्वर चालू हुआ, जिसके बाद गैस वितरण शुरू किया गया। हालांकि सर्वर धीमा होने के कारण वितरण प्रक्रिया काफी धीमी रही, जिससे लोगों को और देर तक इंतजार करना पड़ा।भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात नजर आया। एजेंसी के मैनेजर पवन सिंह ने बताया कि पिछले तीन दिनों से सर्वर काम नहीं कर रहा था। शुक्रवार को सर्वर चालू हुआ है और धीरे-धीरे उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है।

# विधायक सदर व सीडीओ ने ओपन स्टेट आमंत्रण हाकी प्रतियोगिता का किया शुभारम्भ

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश और जिला खेल कार्यालय प्रतापगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित ओपन स्टेट आमंत्रण हॉकी प्रतियोगिता का शुक्रवार को भव्य शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन सदर विधायक राजेन्द्र कुमार मौर्य और मुख्य विकास अधिकारी डा० दिव्या मिश्रा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा उन्हें शुभकामनाएँ देकर किया। उद्घाटन अवसर पर खेल मैदान में खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सन्तोष कुमार सिंह, क्रीड़ाधिकारी पूनमलता राज, युवा कल्याण अधिकारी सुमित पाल, भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अंशुमान सिंह, भाजयुमो महामंत्री नीतीश श्रीवास्तव, पूर्व राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अशोक पांडे (अंतू भैया), वॉलीबॉल निर्णायक राम शिरोमणि सिंह, वॉलीबॉल सचिव एवं निर्णायक विनोद यादव, अपना दल (एस) विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव परमानंद मिश्रा, एंजिल्स इंटर कॉलेज की प्रबंधिका डॉ. शाहिदा, समाजसेविका शकुंतला शुक्ला, हॉकी प्रतापगढ़ के सचिव आजम अली, गुलरेज आलम, जिला व्यायाम शिक्षक राम कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षिका मंजू सिंह, स्काउट शिक्षक सुशील सिंह, वरिष्ठ पत्रकार डी.पी. सिंह, कमेंटेटर गंगा पांडे, अनवर हॉकी सोसायटी के सचिव खुर्शीद अली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष खेल प्रकोष्ठ दुर्गेश दिवारी सहित जनपद के कई खेलप्रेमी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विधायक सदर ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता को भी विकसित करते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने और बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की। प्रतियोगिता को सफल बनाने में हॉकी उत्तर प्रदेश से आए अंपायरों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें आशा, मनीष कुमार द्विवेदी, संदीप चैधरी, रश्मि सिंह, अमित कुमार, मनीषा और प्रिंस मौर्या शामिल हैं, जो प्रतियोगिता के मैचों का संचालन कर रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन कई रोमांचक मुकाबले खेले गए। पहले मैच में खेल छात्रावास अयोध्या ने गोरखपुर को 4-0 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मैच में विवेक अकादमी वाराणसी ने प्रयागराज को 2-0 से पराजित किया। तीसरे मैच में बाराबंकी की टीम ने भदोही को 7-0 से हराया। चैथे मुकाबले में स्पोर्ट्स कॉलेज गोरखपुर ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मेरठ को 14-0 से शिकस्त दी। पांचवें मैच में अयोध्या छात्रावास ने प्रतापगढ़ को 3-0 से हराया। वहीं छठे मुकाबले में बाराबंकी ने बिजनौर को 6-1 से पराजित किया। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन ने दर्शकों को खूब रोमांचित किया। आयोजकों के अनुसार प्रतियोगिता के आगामी दिनों में भी कई रोचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।

# गमगीन माहौल में दफन हुआ दुर्घटना में मृत छात्रों का शव

**लालगंज।** अनियंत्रित कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार दो छात्रों की मौत की घटना में गुरूवार की देर रात पीएम के बाद शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। रोते बिलखते परिजनों ने शुक्रवार को नमाज के बाद दोनों छात्रों के शव को दफन किया। उदयपुर थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज निवासी मो0 आलम और पूरे खुदाबक्श उछापुर निवासी महफूज रायबरेली जनपद के करहिया बाजार स्थित कम्प्यूटर सेण्टर में कम्प्यूटर कोर्स की पढ़ाई करने जाते थे। बीते गुरूवार की दोपहर वह पढ़ाई करने के बाद बाइक से घर लौट रहे थे। रायबरेली जनपद में ही कोतवाली सलोन के नुरूददीनपुर के पास अनियंत्रित कंटेनर की चपेट में आने से दोनों छात्रों की मौत हो गयी थी। पीएम के बाद रात में शव घर लाया गया तो कोहराम मच गया। परिजनों ने शुक्रवार को नमाज के बाद दोनों शवों को दफन किया। दुर्घटना से मृतक परिवार के लोग गमगीन हैं।

# ईदगाह स्थल पर निर्माण को लेकर विवाद, प्रशासन ने कराई पैमाइश

**पट्टी।** नगर के रायपुर रोड स्थित ईदगाह स्थल पर हो रहे निर्माण को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विश्व हिन्दू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं ने उपजिलाधिकारी पूर्णेन्दु मिश्रा को ज्ञापन देकर सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण होने का आरोप लगाया था और जमीन की पैमाइश कराने की मांग की थी। विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा का आरोप है कि ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में 7 दिसम्बर को भी उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया गया था, जिस पर प्रशासन की ओर से किसी भी प्रकार के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी गई थी। इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा विवादित स्थल पर चारदीवारी का निर्माण कराया जा रहा था, जिसे संगठन के हस्तक्षेप के बाद रुकवाया गया। शुक्रवार शाम करीब 4 बजे नायब तहसीलदार अरुण सिंह, लेखपाल महेंद्र पांडे, पीडब्ल्यूडी के संतोष मिश्रा, नगर पंचायत के बड़े बाबू राजकुमार वर्मा, कस्बा इंचार्ज



प्रशांत कटिहार, सेकेंड मोबाइल पर तैनात दरोगा उमेंद्र शुक्ला, हेड कांस्टेबल मुकेश त्रिपाठी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जमीन की पैमाइश कराई। पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि मुख्य सड़क की चैड़ाई दोनों ओर से 30-30 फीट है। नाप के दौरान निमार्णाधीन चारदीवारी सड़क की सीमा के अंदर आती हुई पाई गई।स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां ईदगाह की मस्जिद बनी हुई है, उसके आसपास वर्षों से लोग ईद की नमाज अदा करते आ रहे हैं, लेकिन पहले कभी इस प्रकार की चारदीवारी का निर्माण नहीं हुआ था। लोगों का आरोप है कि जिस स्थान पर निर्माण किया जा रहा है वह सरकारी जमीन है, जिस पर ईदगाह कमेटी के कुछ लोग कब्जा करने की नीयत से चारदीवारी बनवा रहे हैं।फिलहाल मौके पर प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे और स्थिति का जायजा लेते रहे। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कार्रवाई करता है। वहीं आगामी ईद को लेकर ईदगाह स्थल पर साफ-सफाई और अन्य तैयारियां भी कराई जा रही हैं।

# युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप, तीन युवकों पर मुकदमा दर्ज

**पट्टी।** दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की 21 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और युवती की तलाश शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवती बीते 10 मार्च को सुबह करीब 4 बजे से घर से लापता है। काफी देर तक घर न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। परिजनों ने हर संभावित स्थानों पर खोजबीन की और रिश्तेदारों व परिचितों से भी जानकारी ली, लेकिन युवती का कहीं कोई पता नहीं चल सका।बताया जाता है कि परिजनों ने लोक-लाज के कारण पहले अपने स्तर से ही काफी खोजबीन की, लेकिन जब युवती का कोई सुराग नहीं लगा तो अंततः उन्होंने पुलिस से मदद लेने का निर्णय लिया।इसके बाद युवती की मां ने दिलीपपुर थाने में लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया कि शीतलगंज निवासी अंकित उमरवैश्य, राजू उमरवैश्य और चंदन उमरवैश्य उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गए हैं।परिजनों का यह भी आरोप है कि युवती घर से जाते समय करीब चार लाख रुपये कीमत के सोने और चांदी के जेवरात भी अपने साथ ले गई है। घटना के बाद से परिवार के लोग काफी परेशान हैं और युवती की सुरक्षित बरामदगी की मांग कर रहे हैं।मामले में थाना अध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि युवती की मां की तहरीर के आधार पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और युवती की तलाश के लिए संभावित स्थानों पर दबिश भी दी जा रही है।

# समारोहपूर्वक हुआ एनएसएस शिविर का समापन

अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुक्रवार को समारोहपूर्वक समापन हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 रामशिरोमणि त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, डॉ0 पुरूषोत्तम शुक्ल, इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व डॉ0 सिद्धार्थ त्रिपाठी द्वारा दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गान, राष्ट्रगीत आदि की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र के संयोजन में प्रबुद्धजनों सभासद कैलाशनाथ तिवारी, जावेद अहमद, ब्रजघोष ओझा, डॉ0 निशान्त पाण्डेय आदि




का सम्मान भी हुआ। मुख्य अतिथि डॉ0 रामशिरोमणि त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का मुख्य उददेश्य शिविरार्थियों के व्यक्तित्व व चरित्र का विकास करना है। विशिष्ट अतिथि डॉ0 पुरूषोत्तम शुक्ल ने कहा कि एनएसएस शिविर निःस्वार्थ सेवा और समाज के प्रति जिम्मेदारियों को दशार्ता है। विशिष्ट अतिथि इं. जितेन्द्र त्रिपाठी व डॉ0 सिद्धार्थ त्रिपाठी ने एनएसएस की महत्ता बतायी। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 गंगाधर मिश्र ने किया। इस मौके पर डॉ0 श्याम नारायण त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 शिवकुमार यादव, डॉ0 अभिषेक पाण्डेय, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 शैलेन्द्र सरोज, डॉ0 ऐश्वर्य तिवारी, डॉ0 महेश पाण्डेय आदि रहे।




# स्कूल में निजी मद से लगवाई इंटर लॉकिंग

**प्रतापगढ़।** गड़वारा के सरस्वती शिशु मन्दिर परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सचिन सिंह शोलू ने विद्यालय के पूर्व अध्यक्ष अपने बाबा डॉ राम प्रताप सिंह की स्मृति में अपने निजी मद से 2लाख 88 हजार रुपए की इंटर लॉकिंग लगवाई। जिसका शुक्रवार को सचिन सिंह शोलू ने लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि विकास होने से विद्यालय का माहौल स्वच्छ व सुंदर रहेगा और बच्चों के पढ़ाई के अनुकूल भी रहेगा। हमारे परिवार के लोगों ने विद्यालय में जब भी कोई आवश्यकता पड़ी सहयोग करते रहे हैं और आगे भी किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य शेषमणि तिवारी ने किया। इस मौके पर अरविंद पाण्डेय, पारस नाथ पाण्डेय, कृष्णदेव सिंह, राज कुमार विश्वकर्मा, पारितोष, मयंक तिवारी, श्रवण वैश्य आदि लोग मौजूद रहे।

# अलविदा जुम्मा की नमाज सकुशल सम्पन्न

## अपर पुलिस अधीक्षक ने भ्रमण कर लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** रमज़ान माह के अंतिम शुक्रवार अलविदा जुम्मा की नमाज के अवसर पर पुलिस द्वारा जिले में सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए जिले के संपूर्ण थाना क्षेत्र में जुम्मे की नमाज को लेकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न संवेदनशील स्थानों मस्जिदों एवं नमाज स्थलों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमणशील रहकर संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस बल को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए तथा नमाज के दौरान।कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया। उन्होंने नमाज स्थलों के आसपास यातायात व्यवस्था,भीड़ प्रबंधन तथा शांति व्यवस्था की स्थिति का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों धमगुरुओं एवं आयोजकों से संवाद स्थापित कर आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ नमाज अदा करने में सहयोग प्राप्त किया गया। जनपदवासियों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में नमाज अदा की। जनपद में अलविदा जुम्मा की नमाज शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न हुई। पुलिस प्रशासन द्वारा पूरे जनपद में। सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए। सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की गई।

## दीपमाला जन संस्थान का औचक निरीक्षण व्यवस्थाएँ मिलीं असंतोषजनक

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आस्था मिश्रा ने दिए आवश्यक निर्देश



**कौशांबी।** दीपमाला जन संस्थान कल्याण, तिल्हापुर मोड़ का 13 मार्च को औचक निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कौशाम्बी की सचिव श्रीमती आस्था मिश्रा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थान की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई, जिसमें कई व्यवस्थाएँ असंतोषजनक पाई गईं।समीक्षा के दौरान संस्थान में रखे गए अभिलेख (रजिस्टर) पूर्ण एवं सुव्यवस्थित नहीं पाए गए। इस पर सचिव ने संस्थान के प्रबन्धक को रजिस्टरों को शीघ्र पूर्ण कर सुव्यवस्थित ढंग से संधारित करने के निर्देश दिए,इसके अतिरिक्त संस्थान परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए,जिससे संस्थान का संचालन बेहतर एवं व्यवस्थित तरीके से किया जा सके।

## पूरे परिवार को जिंदा जलाने का प्रयास करने वाले जिला बदर पर मेहरबान थाना पुलिस

**जिंदा जलाने के मंसूबे रखने वाले आरोपियों की 13 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं हुई, बालकमऊ के व्यापारी विष्णु केसरवानी के घर में आग लगाए जाने के बाद 50 लाख कीमत की गृहस्थी जलकर हो गई थी खाक**

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के इचौली गांव में 01 मार्च की आधी रात को विजय केसरवानी पुत्र स्वगीय मेवा लाल के घर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई जिसके चलते घर के बाहरी हिस्से में तेज लपट उठने लगी आग ने विकराल रूप ले लिया आधी रात को नींद से उठे परिजनों ने जब घर में लगी आग देखी तो परिजन परेशान हो गए हो हल्ला मचाकर मोहल्ले वाले लोगों को एकत्रित किया इलाके में आतंक अत्याचार का साम्राज्य कायम करने वाले विकास तिवारी वा उसके भाई को जिला मजिस्ट्रेट ने जिला बदर करने की घोषना की थी लेकिन विकास तिवारी जिले से बाहर नहीं गया विजय केसरवानी ने मामले की शिकायत किया जिस पर विकास तिवारी के भाई जिला बदर को पुलिस ने जेल भेज दिया इस मामले से बौखलाए विकास तिवारी ने गांव के अन्य लोगों के साथ मिलकर विजय केसरवानी के घर में चारों तरफ से पेट्रोल डालकर आधी रात को आग लगा दिया पूरा घर जलने लगा घर में सीसीटीवी कैमरे लगे थे जिससे परिवार के लोगों को घटना की जानकारी हो गई और परिवार के लोग घर से जान बचाकर भाग गए जिससे परिवार के लोगों की जान तो बच गई हालांकि इस घटना में बड़ा आर्थिक नुकसान नहीं हुआ है लेकिन पूरे परिवार को जिंदा जलाने का प्रयास बाद गंभीर विषय है इसके पहले भी कोखराज थाना क्षेत्र के बालक मऊ गांव के व्यापारी विष्णु केसरवानी के घर में भी आधी रात को पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई थी उस समय व्यापारी का पूरा परिवार निमंत्रण में गया था बालकमऊ के व्यापारी विष्णु केसरवानी के घर में आग लगाए जाने के बाद 50 लाख कीमत की गृहस्थी जलकर खाक हो गई थी इस मामले में भी दोषियों को अभी तक दंड नहीं मिला है आतंक अत्याचार से पीड़ित होकर विष्णु केसरवानी पूरे परिवार सहित बालक मऊ गांव छोड़कर पलायन कर गए हैं और कौशांबी थाना क्षेत्र में निवास बनाकर अपना जीविकोपार्जन कर रहे हैं यदि जिला बदर अपने मंसूबे में सफल हो जाता तो मरने वालों की संख्या की गिनती करने में भी थाना पुलिस को परेशानी होती विजय केसरवानी ने मामले की सूचना थाना पुलिस से लेकर एसपी को दिए लेकिन 13 दिन बीत जाने के बाद जिला बदर आरोपी विकास तिवारी और उसके साथी पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई जिंदा जलाने के मंसूबे रखने वाले लोगों की गिरफ्तारी नहीं हुई है जिससे परेशान होकर विजय केसरवानी अपने परिवार रिश्तेदारों के साथ गुरुवार को जनपद मुख्यालय मंझनपुर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर एएसपी राजेश कुमार सिंह को शिकायती पत्र देकर जिला बदर आरोपी विकास तिवारी और उसके साथियों की गिरफ्तारी की मांग की है ।

## बीएसए ने किया प्रभारी प्रधान अध्यापिका उच्च प्राथमिक विद्यालय, बिरनेर को निलम्बित

**कौशांबी।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी कमलेंद कुमार कुशवाहा ने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर का संज्ञान लेते हुए प्रकरण की जांच खण्ड शिक्षा अधिकारी-नेवादा से कराई।खण्ड शिक्षा अधिकारी-नेवादा ने जांच कर आख्या उपलब्ध कराई गई, जिसमे दिनांक 11.03.2026 को विद्यालय में बनवाये गए एम.डी.एम. में सूड़े पाये गये, उपस्थित ग्रामीणों एवं बच्चों ने सोयाबीन की बड़ी में सूड़े दिखायें। सोयाबीन का बड़ी पूरी तरह से खराब पायी गयी। जिस पर रसोईयों द्वारा बताया गया कि 02 माह पूर्व सोयाबीन की बड़ी लाई गयी थी।पूर्व में श्रीमती रश्मि, इ.प्र.अ.को बताया गया कि बड़ी खराब है,परन्तु श्रीमती रश्मि, इ.प्र.अ. द्वारा उस पर कोई कार्यवाही नही की गयी। दिनांक 09.03.2026 को भी खाने में सूड़े निकले थे,जिसकी शिकायत बच्चों द्वारा श्रीमती रश्मि, इ.प्र.अ. से की गयी थी,परन्तु श्रीमती रश्मि, इ.प्र.अ. द्वारा एम.डी.एम.की गुणवत्ता में कोई सुधार नही किया गया।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने रश्मि,इ.प्र.अ. उच्च प्रा. विद्यालय-बिरनेर को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है।

# डीएम ने खनन अधिकारी का रोका वेतन

**डीएम ने की कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा, राजस्व वसूली में प्रगति न होने पर कार्रवाई के लिए शासन को लिखा पत्र**




**कौशांबी।** जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल ने शुक्रवार को उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जिलाधिकारी ने राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए उपायुक्त वाणिज्यकर को प्रगति लाने एवं और प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने खनन विभाग की समीक्षा के दौरान लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति न पाए जाने एवं सीएम डैशबोर्ड की रैकिंग में सुधार न लाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए जिला खनन अधिकारी का वेतन रोकने एवं उनके विरूद्ध कार्यवाही के लिए शासन को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने मण्डी की समीक्षा के दौरान प्रवर्तन कार्य में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर सचिव मण्डी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने एवं वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने आबकारी, नगर निकाय, सिंचाई, विद्युत,स्टॉम्प व रजिस्ट्रेशन, वन विभाग एवं परिवहन में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने एवं और अधिक प्रवर्तन कार्य करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसीलवार बड़े बकायेदारों से आर.सी.वसूली की प्रगति की समीक्षा के दौरान आर.सी. वसूली में अपेक्षित प्रगति न पाए जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सभी तहसीलदार/नायब तहसीलदार को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा के दौरान सभी उप जिलाधिकारियों तहसीलदारों को राजस्व वादों के निस्तारण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण कब्जों को हटवाया जाय तथा यह सुनिश्चित किया जाय कि कहीं पर भी सरकारी भूमि पर अवैध अतिक्रमण कब्जा न होने पाए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को अंश निर्धारण के कार्य में प्रगति लाने एवं जनशिकायतों को गम्भीरता से लेकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) शालिनी प्रभाकर सहित व अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## आर्य समाज शताब्दी समारोह में महिला सम्मेलन, भजन उपदेश, प्रवचन एवम राम कथा का आयोजन






अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा के सब्जी मंडी में धार्मिक और आध्यात्मिक वातावरण के बीच आर्य समाज के शताब्दी समारोह के अवसर पर दूसरे दिन भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ हवन से हुई जिसमें उपस्थित श्रद्धालुओं ने आहुति देकर विश्व कल्याण की कामना की इसके बाद आयोजित महिला सम्मेलन में वक्ताओं ने महिलाओं की शिक्षा, संस्कार और समाज निर्माण में उनके महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला है। इस दौरान भजन कीर्तन का भी आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति मय बना दिया विद्वान वक्ताओं ने अपने उपदेश और प्रवचनों के माध्यम से वैदिक धर्म,सत्य हिंसा और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और बताया कि आर्य समाज का उद्देश्य समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त कर सत्य और ज्ञान का प्रकाश फैलाना है इस अवसर पर डॉ रमेश चंद्र आर्य कपूर चंद्र आर्य विजय कुमार आर्य राकेश चंद्र आर्य वेद प्रकाश आर्य,ज्ञान प्रकाश आर्य सतीश कुमार आर्य ,पंकज कुमार आर्य ,सौरभ कुमार आर्य,रमेश प्रसाद आर्य,आदित्य केसरवानी पूजा आर्य,लवी आर्य सहित आर्य समाज के तमाम सदस्य गण,बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग,महिलाएं और श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# जलधारा के बीच गरजती पोकलैंड मशीनों ने खड़े किए गंभीर सवाल



सराय अकिल के कटैया घाट पर नियमों को ठेंगा

**मशीन राज में प्रशासनिक मौन के बीच क्या बदला जा रहा है नदी का स्वरूप वायरल वीडियो से मचा हड़कंप**

**कौशाम्बी।** जिले के खनन क्षेत्रों में नियमों की धज्जियां उड़ाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में। आया हैं। सराय अकिल थाना क्षेत्र के यमुना नदी के कटैया बालू घाट से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहें एक वीडियो ने खनन विभाग और स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर बड़े सवालिया निशान लगा दिए हैं। करीब तीन दिन पुराने बताए जा रहें इस वीडियो में स्पष्ट दिख रहा हैं कि भारी भरकम पोकलैंड मशीनें नदी की मुख्य जलधारा के बीचों बीच उतरकर बालू का अंधाधुंध उत्खनन कर रही हैं। विदित हो कि एनजीटी और खनन नियमावली के अनुसार नदी की जलधारा के भीतर मशीनों का प्रवेश और वहां से बालू निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद कटैया घाट पर मशीनों का तांडव बदस्तूर जारी है स्थानीय ग्रामीणों का आरोप हैं। कि दिन रात दजर्नों डंपर और ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध रूप से बालू की ढुलाई कर रहे हैं। जिससे न केवल राजस्व की हानि हो रही है बल्कि पर्यावरण को भी अपूरणीय क्षति पहुँच रही हैं लोगों ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा हैं। कि यदि जलधारा के बीच से इसी तरह मशीनों द्वारा रेत निकाली गई तो नदी अपना मार्ग बदल सकती हैं। इससे आने वाले समय में आसपास के गांवों की कृषि भूमि नदी में समाहित हो सकती है जलीय जीवों और नदी के प्राकृतिक इकोसिस्टम पर गहरा संकट मंडरा रहा हैं।भारी वाहनों के आवागमन से क्षेत्र में धूल और शोर का साम्राज्य व्याप्त है जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हैं।वायरल वीडियो और जीपीएस लोकेशन के दावों के बीच सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर जिम्मेदार खनन विभाग इस बड़ी गतिविधि से अनजान कैसे हैं। क्या अधिकारियों की नाक के नीचे चल रहे इस खेल को मौन स्वीकृति प्राप्त है ग्रामीणों ने अब जिलाधिकारी कौशाम्बी से मांग की हैं। कि इस वायरल साक्ष्य के आधार पर मौके की तकनीकी जांच जीपीएस कराई जाए। और नियमों का उल्लंघन करने वाले उत्तरदायी लोगों के खिलाफ कठोर विधिक कार्रवाई की जाए।

## 11 महीने में 216 करोड़ की शराब पी गए कौशांबी के नशेड़ी

कौशांबी। शराबियों की संख्या भी कौशांबी जिले में कम नहीं है आबकारी विभाग के आंकड़े बताते हैं कि 1 अप्रैल 2025 से 28 फरवरी 2026 तक 11 महीने के बीच 216 करोड़ यानी दो अरब 16 करोड़ रुपए कीमत की शराब कौशांबी के समस्त देसी विदेशी अंग्रेजी बियर शराब दुकानों से बिक गई है भांग के ठेकों को मिला करके कौशांबी जिले में आबकारी विभाग ने 217 करोड़ 87 लाख रुपए का राजस्व 11 महीने में अर्जित किया है जो बीते वर्ष की तुलना में 22 प्रतिशत अधिक है शराब की बिक्री में जिस तरह से आबकारी विभाग ने सफलता पाई है उससे यही लगता है कि कौशांबी में शराब पीने के शौकीन लोगों की संख्या दिनों दिन बढ़ रही है जिससे 216 करोड़ कीमत की शराब कौशांबी में लोग पी गए हैं हालांकि पूरे प्रदेश की स्थिति भी विचित्र है 63 हजार करोड रुपए का राजस्व आबकारी विभाग ने पूरे प्रदेश में एकत्रित किया है जो शराब और भांग की बिक्री से एकत्रित होता है।

### ईलॉटरी के माध्यम से आबकारी की शेष दुकान होगी आवंटित

**कौशांबी।** आबकारी विभाग में भांग शराब देसी शराब बीयर अंग्रेजी शराब आदि की दुकानों के आवंटन के लिए बीते वर्ष की दुकानों को रिन्यूवल कर दिया गया है सिराथू तहसील क्षेत्र के सैनी और उदाहीन के भांग की दुकान रेल्यूवल नहीं हो सकी है जिस पर दोनों दुकानों को ईलॉटरी के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आबकारी विभाग ने मांगा है 10 मार्च से 17 मार्च तक भांग दुकान लेने के इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं इसी तरह सिराथू तहसील क्षेत्र की कंपोजिट शराब दुकान अट सराय और सिराथू तहसील क्षेत्र की देसी शराब की दुकान सिराथू का रिनुअल नहीं हो सका है और इन दोनों दुकानों के रिन्यूअल के लिए भी 10 मार्च से 17 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन आबकारी विभाग ने मांगा है 20 मार्च को ऑनलाइन आवेदन के टेंडर को विभाग द्वारा खोला जाएगा बताया जाता है कि जिले में 169 दुकान थी और 165 दुकानों का रिनुअल हो चुका है आबकारी अधिकारी ने बताया कि बीते वर्षों से इस वर्ष 22 प्रतिशत अधिक राजस्व विभाग को प्राप्त हुआ है उन्होंने बताया कि 217 करोड़ 87 लाख रुपए फरवरी 2026 तक आबकारी विभाग को राजस्व मिल चुका है।

### रेल लाइन पर मिला अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी पुलिस चौकी के जिह्ला पर रेलवे लाइन में एक अधेड़ व्यक्ति उम्र लगभग 45 वर्ष की लाश मिली हैं रेल लाइन पर लाश मिलने की जानकारी मिलने पर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंची मृतक की पहचान करने का प्रयास किया गया लेकिन मृतक की पहचान नहीं हो सकी है वह अज्ञात हैं अभी तक लाश की पहचान नही हो सकी हैं रेलवे पुलिस व चौकी पुलिस सिंघिया ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### बालिका ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के ग्राम सभा फ़क़ीर बक्स के पूरा में दिनांक 13 मार्च 2026 को आंचल उम्र 16 वर्ष पुत्री स्व० बच्चा लाल ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है सूचना पर मौके पर पुलिस ने पहुंचकर बालिका के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा दिया है।

# भरवारी स्टेशन के दोनों तरफ प्लेट फॉर्म ऊंचे होने से यात्रियों को हो रही परेशानी

अखंड भारत संदेश

**सबसे ज्यादा छोटे छोटे बच्चों और बुजुर्ग महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं को हो रही हैं परेशानी, प्लेट फॉर्म नंबर 1 से उठाकर प्लेट फॉर्म नंबर 3 के बाहर तक का पैदल चलने वाला पुल बनाएं जाने की मांग**



**भरवारी कौशांबी।** नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत कस्बा भरवारी में रेलवे स्टेशन पर बने दोनों प्लेट फॉर्म को ऊंचा कर देने से एक ओर विकाश एवं सौंदयीकरण कर भरवारी रेलवे स्टेशन पर चार चांद लगाने का कार्य रेलवे के अधिकारियों द्वारा किया गया है इसमें कोई संदेह भी नहीं अब स्टेशन परिसर बहुत ही अच्छा लगने लगा है वहीं दोनों तरफ का प्लेट फॉर्म ऊंचा कर देने से छोटे छोटे बच्चों एवं बुजुर्ग महिलाओं पुरुष को प्लेट फॉर्म पर चढ़ने में काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ता हैं वहीं सबसे बड़ी परेशानी का सबब बुजुर्ग महिलाओं एवं गर्भवती महिलाओं को होती है ऐसे में अक्सर प्लेट फॉर्म पर चढ़ते हुए गिर कर यात्री घायल भी हो जाते हैं। कस्बा भरवारी के नागरिकों एवं यात्रियों ने मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज से मांग की है कि प्लेट फॉर्म नंबर एक से उठाकर प्लेट फॉर्म नंबर तीन के बाहर तक का पैदल चलने वाला पुल बन जाता तो लगभग प्लेट चढ़ने उतरने कि दिक्कत भी समाप्त हो जाती 'इतना ही नहीं प्लेट नंबर तीन के बाहर की तरफ से प्रतिदिन सैकड़ों लोगों का प्लेट फॉर्म पर चढ़ना उतरना भी बंद हो जाता और यात्रियों को सुविधा भी मिल जाती लोगो ने मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज से इस तरफ ध्यान आकर्षित करते हुए पैदल चढ़ने वाले पुल का यथा शीघ्र निर्माण कर यात्रियों की सुविधा में चार चांद लगाए जाने की मांग की है।

## न्यूज झरोखा

### प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में प्रवेश पत्र वितरित, परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को शिक्षकों ने किया जागरूक




**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कड़ा विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय हिसामपुर परसखी में शुक्रवार को जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित किए गए। विद्यालय के शिक्षकों ने ऑनलाइन माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर उनका प्रिंट निकालकर बच्चों को सौंपा व परीक्षा से संबंधित आवश्यक जानकारी भी दी शिक्षकों ने बच्चों को निर्देश दिया कि वे रविवार को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा में समय से अपने निर्धारित परीक्षा केंद्र पर पहुंचकर अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें। साथ ही विद्यार्थियों को परीक्षा के प्रति गंभीर रहकर पूरी तैयारी करने की सलाह भी दी गई,ताकि वह परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकें।शिक्षकों ने बच्चों को परीक्षा की प्रक्रिया और आवश्यक सावधानियों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी और उन्हें आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं भी दी गई।इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामकृष्ण,शिक्षिका माया देवी,रिया सेठी,संध्या देवी पटेल व बीरेंद्र कुमार सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### नगर पंचायत प्रशासन अझुवा ने एंटी लारवा वा वार्डों में कराया फागिंग



**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा प्रशासन द्वारा क्षेत्र में बढ़ते मच्छरों और संक्रामक बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नगर पंचायत की टीम ने विभिन्न वार्डों में एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराया तथा फागिंग कराई। नगर पंचायत कमर्चारियों ने नालियों,गड्ढों,पानी भरे स्थानों और अन्य संभावित जगहों पर एंटी लारवा का छिड़काव किया,ताकि मच्छरों के लारवा को नष्ट किया जा सके। इसके साथ ही शाम के समय वार्डों में फागिंग मशीन से दवा का छिड़काव कराया गया,जिससे मच्छरों की संख्या कम की जा सके।नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने बताया कि मौसम में बदलाव के साथ मच्छरों के बढ़ने की संभावना रहती है, इसलिए समय-समय पर यह अभियान चलाया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से भी अपील की कि अपने घरों और आसपास पानी जमा न होने दें तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें।इस दौरान नगर पंचायत के कमर्चारी और सफाई कमी मौजूद रहे और पूरे क्षेत्र में अभियान चलाकर लोगों को जागरूक भी किया गया।

### पुलिस कार्यालय में एसपी ने की जनसुनवाई



**कौशांबी।** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा दिनांक 13.03.2026 को आम जनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

### औंधे मुंह गिरा बाइक सवार शराबी, हुआ घायल



**अझुवा कौशाम्बी** आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाइवे पर देशी शराब ठेका के सामने बाइक सवार युवक औंधे मुंह गिर गया जिससे युवक घायल हो गया।जानकारी के अनुसार राहुल पुत्र मनोज कुमार निवासी खाश मऊ तेजू थाना खागा फतेहपुर किसी काम से बाइक में सवार होकर सैनी की तरफ जा रहा था जैसे ही वह अझुवा कस्बे के हाईवे पर देसी शराब ठेका के सामने पहुंचा अनियंत्रित होकर बाइक समेत वह औंधे मुंह सड़क पर गिर गया जिससे युवक घायल हो गया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को नजदीकी अस्पताल में उपचार कराया है।

### ट्रैक्टर से भिड़े बाइक सवार दो युवक हुए घायल



**नेवादा कौशाम्बी** पिपरी थाना क्षेत्र के हरदरमऊ गांव के पास बाइक सवार दो युवक ट्रैक्टर से भिड गए है जिससे दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के पिपरहाई निवासी रमेश उर्फ मधई उम्र लगभग 32 वर्ष पुत्र भैय्यालाल व अरुण उम्र लगभग 24 वर्ष पुत्र रामनरेश दोनों शराब के नशे में बाइक से हरदरमऊ की तरफ जा रहे थे उधर अकबरपुर ईंट भट्ठा का ट्रैक्टर हरदरमऊ से ईंट उतार कर आ रहा था गांव के बाहर बाइक सवार शराबी दोनों युवक ट्रैक्टर में जा भिड़े जिसमें एक युवक को गम्भीर चोट आने से वह घायल हो गया जिसका तिल्हापुर मोड़ स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है वहीं दूसरे साथी को हल्की चोट लगी है फिलहाल वह ठीक है।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**महेवा घाट कौशांबी** महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी करने की बात कर के मो0 समीर पुत्र सलीम उसके साथ पिछले डेढ़ वर्ष से शारीरिक सम्बन्ध बनाता रहा शादी के लिये कहने पर शादी से इनकार कर दिया शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी 02 मार्च को युवती ने महेवाघाट थाना में सूचना दी धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ दिनांक 13.01.2026 को महेवाघाट थाना पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त मो0 समीर पुत्र सलीम निवासी ग्राम सरसवां थाना महेवाघाट को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं।

### वारण्टी अभियुक्त को सराय अकिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के क्रम में थाना सराय अकिल पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 309/11 धारा 323/325/504/506 भादवि थाना सराय अकिल से सम्बन्धित वारण्टी अभियुक्त रोशन लाल पुत्र मेवा लाल पासी निवासी अमिरसा थाना सराय अकिल को गिरफ्तार किया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया।

# जल जीवन मिशन पर डीएम सख्त, देरी पर कंपनियों को मिलेगा टर्मिनेशन नोटिस

● गांव-गांव पानी पहुंचाने की जंग

● चेतावनी से ठेकेदारों में हलचल

**अखंड भारत संदेश**



राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित ग्राम प्रधानों को सम्मानित करते डीएम

**चित्रकूट।** जनपद में 12 मार्च को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अंतर्गत निमार्णाधीन पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई, जिसमें अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए। जिले में चांदी बांगर, सिलौटा मुस्तकिल और रैपुरा ग्राम समूह पेयजल योजनाएं निमार्णाधीन हैं। पाठा क्षेत्र की रैपुरा ग्राम समूह योजना के तहत 68 गांवों को लाभान्वित किया जाना है, जिनमें से 61 गांवों में जलापूर्ति शुरू हो चुकी है। इनमें 47 गांवों में शत-प्रतिशत तथा शेष में 70 से 80 प्रतिशत जलापूर्ति हो रही है। जिलाधिकारी ने फर्म जीवीपीआर के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि ग्रामवार और मजरेवार माइक्रो प्लान प्रस्तुत कर 30 अप्रैल 2026 तक सभी गांवों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए, अन्यथा टर्मिनेशन नोटिस जारी किया जाएगा। सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के अंतर्गत 57 गांवों में शत-प्रतिशत जलापूर्ति प्रारंभ हो चुकी है और ट्रायल रन के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। वहीं चांदी बांगर ग्राम समूह योजना के तहत 30 जून 2026 तक 286 गांवों में नियमित जलापूर्ति और रोड रेस्टोरेशन पूर्ण करने का लक्ष्य तय किया गया है। बैठक में रैपुरा और चांदी बांगर परियोजनाओं के सीडब्ल्यूआर पर विद्युत समस्या के समाधान हेतु दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम को पत्र भेजने के निर्देश भी दिए गए। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी ने जल महोत्सव में राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित मनकुंवार की ग्राम प्रधान रचना देवी और छिवलहा के ग्राम प्रधान देवस्वरूप को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। दोनों ग्राम पंचायतों में उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह की प्रभावी व्यवस्था के माध्यम से सैकड़ों घरों में जलापूर्ति व्यवस्था के सुचारु संचालन का उदाहरण प्रस्तुत किया गया है।

## पेंशन की अटकी फाइलों को मिलेगा न्याय, बांदा में लगेगी मण्डलीय पेंशन अदालत

**चित्रकूट।** चित्रकूटधाम मण्डल के पेंशनरों के लिए राहत की खबर है। वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह ने बताया कि आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बांदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में 1 अप्रैल 2026 को पूर्वाह्न 11 बजे आयुक्त कार्यालय बांदा में मण्डलीय पेंशन अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर और महोबा जनपदों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लंबित सेवा निवृत्तिक लाभ- जैसे पेंशन, उपादान और पेंशन पुनरीक्षण से जुड़े मामलों की सुनवाई कर निस्तारण किया जाएगा। संबंधित पेंशनर अपने प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारूप में तीन प्रतियों में 19 मार्च शाम 4 बजे तक पंजीकृत डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा करा सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा।

# गरीब, बेसहारा और महिलाओं के अधिकारों के लिए प्रशासन और समाज एक मंच पर



न्याय जागरूकता अभियान में मौजूद अधिकारीगण

**चित्रकूट।** जिले में समाज के कमजोर और हाशिए पर खड़े लोगों को न्याय की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इला चौधरी की अध्यक्षता में दिया वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों के साथ एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें महिलाओं के अधिकार, सामाजिक न्याय और विधिक सहायता के विस्तार पर गंभीर मंथन हुआ। बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा-निदेशों के तहत डीएलएसए चित्रकूट समाज के कमजोर वर्गों तक मुफ्त विधिक सहायता पहुंचाने के लिए लगातार सामाजिक संगठनों के साथ समन्वय कर रहा है। चर्चा के दौरान जिले के ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में महिलाओं की चिंताजनक स्थिति, बाल विवाह, दहेज प्रथा और घरेलू हिंसा जैसी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। दिया वेलफेयर सोसाइटी ने महिलाओं के स्वरोजगार प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और विधिक साक्षरता कार्यक्रम चलाने की योजना साझा की। साथ ही 14 मार्च को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी देते हुए दूरदराज के गरीब, बेसहारा और वंचित लोगों तक इसकी सूचना पहुंचाने का आह्वान किया गया, ताकि अधिक से अधिक लोगों को सुलभ न्याय मिल सके।

# करोड़ों में बना राजाघाट गंदगी से कराहता, आचमन को तरसती मंदाकिनी अब सफाई की पुकार



गंदगी से पटाक्षेप राजाघाट

**चित्रकूट।** जिले में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित राजाघाट आज गंदगी और प्रदूषण के बोझ तले कराहता नजर आ रहा है। हालात इतने बदतर हैं कि जहां श्रद्धालुओं को आस्था के साथ स्नान और आचमन करना चाहिए, वहां बदबू, कचरा और प्रदूषित जल ने कदम रखना तक मुश्किल बना दिया है। घाट की सीढ़ियों के आसपास फैली गंदगी और पानी में तैरती पूजन सामग्री आस्था और स्वच्छता दोनों पर सवाल खड़े कर रही है। लंबे संघर्ष और मांग के बाद नगर पालिका द्वारा बनाए गए इस भव्य घाट की दुर्दशा अब लोगों को खटकने लगी है। इसी स्थिति को देखते हुए बुंदेली सेना ने घाट को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए वृहद सफाई अभियान चलाने का लक्ष्य तय किया है। संगठन के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह के अनुसार घाट का निर्माण तो हो गया, लेकिन प्रदूषण पर लगाम लगाने की व्यवस्था नहीं की गई। पुलघाट की तरह यहां भी पूजन सामग्री विसर्जन के लिए अलग कुंड बनाए जाने की जरूरत है, ताकि नदी में सीधे कचरा न जाए। साथ ही इंटेक वेल के पास जोड़ी गई नाली से गिरने वाला गंदा पानी भी मंदाकिनी को और प्रदूषित कर रहा है, जिसे तत्काल दूसरी दिशा में मोड़ना जरूरी है। बुंदेली सेना ने आम लोगों से भी अपील की है कि वे आस्था के साथ-साथ जिम्मेदारी निभाते हुए नदी को स्वच्छ रखने में सहयोग करें।

## किशोरी और युवक की आत्महत्या से सहमा चित्रकूट

**चित्रकूट।** जनपद में दो अलग-अलग स्थानों पर फांसी लगाकर आत्महत्या की घटनाओं ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। रामनगर क्षेत्र के रैपुरा थाना अंतर्गत रामनगर गांव में 14 वर्षीय किशोरी गोपी ने घर के भीतर फांसी लगाकर जान दे दी। बताया गया कि उसके पिता बुद्धराज अपनी पत्नी के साथ दो दिन पहले रिश्तेदारी में निमंत्रण कार्यक्रम में गए थे और किशोरी घर पर अकेली थी। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे परिजनों को गांव से फोन पर सूचना मिली कि गोपी ने फांसी लगा ली है। घर पहुंचने पर बेटी को फंदे से लटका देख परिवार में कोहराम मच गया। फिलहाल आत्महत्या के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं और पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं दूसरी घटना भरतकूप थाना क्षेत्र के अमिलिहा गांव में सामने आई, जहां 32 वर्षीय साधना बाबू पुत्र राम प्रसाद ने घरेलू विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। गुरुवार शाम करीब छह बजे पत्नी से झगड़े के बाद उसने कमरे का दरवाजा बंद कर लिया और पंखे से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। जब परिजन लौटे और दरवाजा नहीं खुला तो खिड़की से झांकने पर वह फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने दरवाजा तोड़कर शव उतारा और पुलिस को सूचना दी।

# कलेक्ट्रेट बना मिनी विधानसभा- कानून व्यवस्था, बिजली, सड़क और साइबर अपराध पर तीखी समीक्षा

● फोन न उठाने पर नाराजगी

● शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

● साइबर अपराध पर चिंता गहराई



सभापति को सम्मानित करते डीएम

**चित्रकूट।** जिले की कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विशेषाधिकारी समिति की बैठक उस समय चर्चा का केंद्र बन गई, जब इसे मिनी सदन की तरह संचालित करते हुए प्रशासनिक व्यवस्था की गहराई से पड़ताल की गई। सभापति गोविन्द नारायण शुक्ल के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में शिक्षक क्षेत्र के सदस्य बाबूलाल तिवारी, जिलाधिकारी चित्रकूट पुलकित गर्ग, जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट सहित मंडल के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जनप्रतिनिधियों के प्रति प्रोटोकॉल और शिष्टाचार के पालन को लेकर सबसे पहले सवाल उठे। सभापति ने साफ कहा कि जनप्रतिनिधियों के फोन न उठाने की शिकायतें गंभीर हैं और अधिकारियों को सीयूजी नंबर नोट कर शिकायतों का तत्काल निस्तारण करना होगा। कानून व्यवस्था की समीक्षा में पुलिस ने अपराधों में कमी का दावा किया, लेकिन सभापति ने स्पष्ट कहा कि जमीनी स्तर पर थाना-तहसील में आम जनता की सुनवाई अभी भी संतोषजनक नहीं है। साइबर अपराध के बढ़ते मामलों पर चिंता जताते हुए पुलिस ने बताया कि जिले में साइबर थाना सक्रिय है और अब तक लगभग 38 प्रतिशत से अधिक धनराशि पीड़ितों को वापस कराई जा चुकी है। बैठक में सड़कों की खराब गुणवत्ता, बिजली आपूर्ति, नलकूपों की स्थिति, सरकारी योजनाओं के बजट उपयोग और सार्वजनिक वितरण प्रणाली तक की विस्तार से समीक्षा की गई। सभापति ने सख्त लहजे में कहा कि गड्ढामुक्त सड़कों और गुणवत्तापूर्ण निर्माण को सुनिश्चित किया जाए तथा 2025-26 के टेंडरों की गुणवत्ता की जांच के लिए समिति गठित कर एक माह में रिपोर्ट दी जाए। कामदगिरी परिक्रमा मार्ग की सफाई और नाले के निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठे। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों की सिंचाई समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की कार्यशैली की सराहना करते हुए सभापति ने कहा कि प्रशासनिक सुधारों से जिले में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है और जनहित के कार्यों को इसी जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

# सेमरदहा स्कूल का हैंडपंप महीनों से बंद, प्यास से बिलबिलाते बच्चे- जिम्मेदार खामोश



सूखा पडा स्कूल का हैण्डपंप

**चित्रकूट।** जिले के मानिकपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरदहा के खांचा पुरवा स्थित जूनियर हाई स्कूल परिसर में लगा हैंडपंप पिछले कई महीनों से खराब पड़ा है, जिससे स्कूल के बच्चों और आसपास के ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। भीषण गर्मी के बीच जब प्यास बुझाने के लिए यह हैंडपंप ही एकमात्र सहारा था, तब उसके बंद हो जाने से स्कूल आने वाले बच्चे और स्थानीय लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि खराब हैंडपंप की सूचना कई बार ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान को दी गई, लेकिन जिम्मेदारों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार हर महीने हैंडपंपों की मरम्मत के लिए हजारों रुपये उपलब्ध कराती है, फिर भी ग्राम पंचायत स्तर पर यह राशि आखिर कहां खर्च हो रही है, यह बड़ा सवाल बन गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि मरम्मत के नाम पर कागजों में खर्च दिखाकर धन निकाला जाता है, जबकि जमीनी हकीकत में हैंडपंप महीनों से सूखा खड़ा है। गांव के लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए जल्द से जल्द हैंडपंप की मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि बच्चों और ग्रामीणों की प्यास बुझ सके। स्कूल के प्रधानाचार्य शिव सँवारे ने बताया कि हैंडपंप दो तीन माह से खराब है और उसमें समर्सिबल लगा हुआ है तो बच्चों को पानी बराबर मिल रहा है। स्कूल का समर्सिबल सार्वजनिक नहीं है, इसीलिए ग्रामीणों को पानी स्कूल बंद होने के बाद नहीं मिल पाता, इस बारे प्रधान को बताया गया है कि ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए हैंडपंप दुरुस्त करा दे।

## डीएम की पहल से जायद खेती को रफ्तार, मूंग से बदलेगी किसानों की तकदीर



प्रशिक्षण के बाद बीज किट के साथ किसान

**चित्रकूट।** जिले में किसानों की आय बढ़ाने और दलहन उत्पादन को मजबूती देने के उद्देश्य से दीनदयाल शोध संस्थान के कृषि विज्ञान केन्द्र गनीवा द्वारा ग्रीष्मकालीन (जायद) मूंग की खेती पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के सभी विकासखंडों के 45 गांवों से आए 273 किसानों ने भाग लेकर वैज्ञानिक खेती की बारीकियां सीखीं। कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ राजेन्द्र सिंह नेगी ने किसानों से जायद में मूंग और तिल की खेती अपनाने का आह्वान किया और बताया कि जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की पहल पर जिला खनन निधि से इस खेती को बढ़ावा देने के लिए विशेष धनराशि उपलब्ध कराई गई है। वैज्ञानिकों ने उन्नत किस्मों, बीज उपचार, समय से बुवाई और सिंचाई प्रबंधन की जानकारी दी। विशेषज्ञों के अनुसार 60-70 दिनों में तैयार होने वाली मूंग की फसल से प्रति एकड़ 20 से 25 हजार रुपये तक शुद्ध आय संभव है। साथ ही यह मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और पशुओं के लिए पौष्टिक चारा उपलब्ध कराने में भी सहायक है। जिले में जायद खेती का रकबा अगले पांच वर्षों में 40 से 50 हजार हेक्टेयर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

# सेवा के महानायक को नमन, पद्मश्री बीके जैन के महाप्रसाद में उमड़ा श्रद्धा और आंसुओं का सैलाब

**अखंड भारत संदेश**



प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु

**चित्रकूट।** जिले की पावन धरती पर सेवा, समर्पण और करुणा की मिसाल रहे पद्मश्री डॉ बीके जैन की स्मृति में 13 मार्च को जानकीकुंड स्थित रघुवीर मंदिर में महाप्रसाद का आयोजन हुआ, जहां हजारों की संख्या में उनके चाहने वाले उमड़ पड़े। सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी और विश्वविख्यात सदगुरु नेत्र चिकित्सालय के निदेशक रहे डॉ जैन ने 27 फरवरी को इसी तपोभूमि पर अंतिम सांस ली थी, जिसके बाद पूरे विंध्य क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। महाप्रसाद कार्यक्रम में संत-महंत, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, ट्रस्टीगण और देशभर से आए श्रद्धालुओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। किसी ने उन्हें महानायक, किसी ने युगपुरुष तो किसी ने कर्मयोगी कहकर याद किया। पांच दशकों तक गरीब और जरूरतमंदों की आंखों की रोशनी लौटाने वाले डॉ जैन ने सेवा, आत्मअनुशासन और समर्पण के बल पर सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट को शिखर तक पहुंचाया। उनके मानवीय कार्यों और चिकित्सा सेवा ने उन्हें देश-विदेश में एक विशिष्ट पहचान दिलाई। महाप्रसाद में शामिल लोगों ने नम आंखों से उस महानायक को नमन किया, जिसने हजारों जीवनों में रोशनी भर दी।

# चित्रकूट गौरव दिवस- रामनवमी पर 22 लाख दीपों से जगमगाएगा चित्रकूट, उमड़ेगा आस्था का महासागर

**अखंड भारत संदेश**



साधु-संतों के साथ बैठक में मौजूद जिला प्रशासन

**चित्रकूट।** आगामी 27 मार्च को चैत्र रामनवमी एवं चित्रकूट गौरव दिवस को ऐतिहासिक और दिव्य स्वरूप देने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता और पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मठ-मंदिरों के महंत, साधु-संत, आश्रम संचालक, व्यापार मंडल, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। प्रारंभिक रूप से 11 लाख दीप प्रज्ज्वलित करने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे जिलाधिकारी ने जन-उत्साह को देखते हुए बढ़ाकर 22 लाख दीपों तक विस्तारित करने की घोषणा की। इस महादीपोत्सव में पण्डा समाज, नाविक, टैक्सी संघ, व्यापारी, सभासद और विद्यार्थी सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। रामघाट पर सायंकाल भव्य दीपदान के साथ लोक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियां, बुंदेलखंड की प्रसिद्ध दीवारी नृत्य, आकर्षक रंगोली और भव्य आतिशबाजी आयोजन को और दिव्य बनाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि चित्रकूट गौरव दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि जन-आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है, जिसे प्रशासन, साधु-संतों और जन-सहभागिता के सहयोग से ऐतिहासिक ऊंचाई दी जाएगी। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पर्व के दौरान सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजामों का आश्वासन दिया।

## 57 आंगनबाड़ी केंद्रों को मिले शिक्षण साथी, मंत्री के हाथों बांटे जाएंगे नियुक्ति पत्र

**चित्रकूट।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा ने बताया कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा लखनऊ के निर्देश पर जिले के 57 लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में 57 ईसीसीई एजुकेटर्स तथा चयनित 12 उच्च प्राथमिक एवं कम्पोजिट विद्यालयों के लिए एलबीडी तकनीकी अनुदेशकों की भर्ती प्रक्रिया पूरी की गई है। जिलाधिकारी के 28 फरवरी 2026 के अनुमोदन के बाद 57 ईसीसीई एजुकेटर्स और 10 तकनीकी अनुदेशकों का चयन अंतिम रूप से स्वीकृत हो गया है। चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र ही प्रभारी मंत्री के कर-कमलों से नियुक्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे।

# पंचायत सचिवालय बना जनसमस्याओं का मंच चौपाल में गूंजे राशन, पानी और बिजली के सवाल

**अखंड भारत संदेश**



जनचौपाल में मौजूद ग्रामीण व अधिकारीगण

**चित्रकूट।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को विकासखंड कर्वी की ग्राम पंचायत पतौड़ा के पंचायत सचिवालय प्रांगण में आयोजित ग्राम चौपाल प्रशासन और ग्रामीणों के बीच सीधा संवाद का मंच बन गई। चौपाल की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (वि/रा) चंद्रशेखर ने की, जबकि खंड विकास अधिकारी कर्वी महिमा विद्यार्थी, सहायक विकास अधिकारी (कृषि), सहायक विकास अधिकारी (मक) समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत अधिकारी और ग्राम प्रधान मौजूद रहे। चौपाल में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा ग्रामीणों को बताया गया कि सभी योजनाओं का लाभ सीधे खाते में पाने के लिए बैंक खातों की ई-केवाईसी और आधार-मोबाइल लिंक कराना अनिवार्य है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सर्वे पूरा होने और धनराशि मिलते ही पात्रों को चरणबद्ध तरीके से लाभ देने की बात कही गई। इस दौरान ग्रामीणों ने राशन, फार्मर रजिस्ट्री, बिजली के खंभे, नाली निर्माण और जलापूर्ति जैसी समस्याएं खुलकर उठाईं। अधिकारियों ने सभी शिकायतें दर्ज कर नियमानुसार निस्तारण के निर्देश दिए तथा फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, गोल्डन कार्ड और पेंशन योजनाओं को ऑनलाइन कराने पर भी जोर दिया।

## गैस बुकिंग के बाद भी नहीं मिल रहा सिलेंडर? इन टोल फ्री नंबरों पर करें शिकायत

**चित्रकूट।** जनपद के एलपीजी उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि ऑनलाइन बुकिंग के बाद भी घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी समय पर नहीं हो रही है, तो उपभोक्ता सीधे टोल फ्री नंबरों पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। भारत गैस के लिए 1800-22-4344, जबकि इंडेन और एचपी गैस उपभोक्ता 1800-2333-555 पर अपनी समस्या दर्ज कराकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

